हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 28 मई 2025

तापमान
अधिकतम 35.8 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

12 हितग्राहियों ने कहा इतने पैसे में कैसे बनेगा आवास



13 संसाधनों की कमी के बाद भी पुरई के खिलाड़ियों ने बनाई पहचानः सांसद





## नाबालिग को बहलाकर पत्नी बनाकर रखा

# नौ साल तक लड़की का दैहिक शोषण, धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया, गौमांस खिलाया, कलमा पढ़ाया, दो बार अबॉर्शन कराया, हुए बच्चे का कराया खतना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई में युवती से 9 साल तक दैहिक शोषण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवती ने खुद मीडिया के सामने आकर इस पूरे घटना की जानकारी दी है। युवती ने इस मामले में पुलिस से भी शिकायत की है, जिसके आधार पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि युवती जब नाबालिग थी, वह आरोपी बादशाह खान नामक युवक के संपर्क में आई थी। बात साल 2016 की है। युवती की मुलाकात भिलाई हॉस्पिटल सेक्टर स्थित सड़क नंबर 9 निवासी बादशाह खान (28) से हुई थी। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी और बादशाह खान ने उसे झूठे प्यार का वादा किया। वह उस समय वह 17 साल की थी, इसके बाद भी वो उसे अपने घर ले गया और शादी का वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। उसे गौ-मांस खिलाकर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया, ऐसा नहीं करने पर मारपीट की गई। उसका 2 बार अबॉर्शन कराया। इसके बाद जब बच्चा हुआ तो उसकी मर्जी के बिना 5 साल के मासूम का खतना करा दिया गया। युवती ने पुलिस को बताया कि कोर्ट में उसका केस चल रहा है। वह दूसरे जिले की रहने वाली है। जब उसने आरोपी ने लगातार शादी को लेकर दबाव बनाया तो उर्दू में लिखे पेपर पर साइन कराकर कहा गया आज से पति-पत्नी हैं। इस दौरान कई बार उससे मारपीट की गई। उससे जबरदस्ती की गई। वह 2 बार गर्भवती हुई तो आरोपी बादशाह ने उसका अबॉर्शन करा दिया। तीसरी बार फिर से लड़की गर्भवती हुई तो उसने फिर से उसे बच्चा गिराने की दवा खिलाना चाहा, लेकिन लड़की जिद पर अड़ गई। इसके बाद बादशाह ने एक उर्दू में लिखे पेपर पर साइन करके उसे बोला कि वो दोनों आज से पति-पत्नी हैं। लेकिन निकाह नहीं किया।

### लड़की ने जब दबाव बनाया तो सोशल मीडिया में फोटो वायरल कर अपशब्द लिखे, भिलाई नगर पुलिस ने दर्ज किया अपराध, आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी के घरवालों ने भी किया प्रताड़िता:** पुलिस ने बताया कि आरोपी के घरवालों ने भी युवती को प्रताड़ित किया। युवती की इस शिकायत की जांच की जा रही है।लड़की ने बताया कि वो अपना धर्म नहीं छोड़ना चाहती थी। बादशाह ने उसे कहा कि उसे उसके धर्म से कोई तकलीफ नहीं है। वो उसके साथ शादी के बाद भी अपने हिंदू धर्म में रह सकती है। लेकिन जैसे ही युवती ससुराल गई, ससुराल वालों ने उसे मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। लड़की ने कहा कि ससुराल वालों ने उसे गाय का मांस खिलाया और कहा कि उनके धर्म में गाय का मांस खाना सुन्नत होता है। लड़की ने दबाव में आकर उसे खा लिया। इसके बाद उसे पूजा करने और मंदिर जाने से मना किया गया। ससुराल वालों ने लड़की को कलमा पढ़ना और नमाज अदा करना सीखने के लिए दबाव बनाया। इसके बाद बादशाह भी अब उसके साथ मारपीट करने लगा। सोशल मीडिया पर फोटो डालकर वायरल की गई। इससे परेशान होकर युवती ने मामले में शिकायत की। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।





#### भेजा जेल

मामले में युवती की शिकायत के बाद धारा 376 सहित अन्य धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया गया है। बयान के आधार पर लोगों से पूछताछ की जा रही है। आरोपी बादशाह को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया है।
**-पद्मश्री तंवर,** एएसपी दुर्ग

## खबर संक्षेप

### नयापारा में पकड़ाई अवैध शराब, गिरफ्तार



**दुर्ग।** कोतवाली थाना अंतर्गत गंजपारा-नयापारा मोड़ पर अवैध शराब के साथ चंदखुरी निवासी दुष्यंत चंद्राकर (20 वर्ष) को पुलिस ने पकड़ा। उसके पास से 60 पौवा देसी शोले मसाला शराब जब्त की गई। शराब की कीमत 6 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने शराब के साथ मोटर साइकिल सीजी 07 सीएम 4476 भी जब्त की है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस को अब तक पता नहीं चल पाया है कि उसने यह शराब कहां से लाई।

### घर में डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास

**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से चाकू लहराने और दूसरे के घर में डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास के मामले में मास्टर माइंड बजरंगी उर्फ बजरंग लाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मामले में संजू तिवारी की रिपोर्ट पर यह कार्रवाई की गई। घटना में आगजनी व दहशत फैलाने वाले 3 आरोपी एवं 8 अपचारी बालकों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना का मास्टर माइंड बजरंगी उर्फ बजरंगी लाल सिंह फरार था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया है। आरोपी अपराधिक पृष्ठ भूमि का है। पहले भी वह 2 अपराधों में जेल जा चुका है।

### घर घुसकर चोरी करने वाला गिरफ्तार


**भिलाई।** गया नगर में घर घुसकर चोरी करने वाले भागवत यादव को पुलिस ने पकड़ा। उसने मोहल्ले के ही नितेश जैन के घर में 25 मई को चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी चार सोने की अंगुठियां, एक सोने का नजारा, चार स्मार्ट फोन ले भागा। सामान की कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी मोबाईल फोन रखकर बेचने के लिये ग्राहक तलाश रहा था। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा।

### टैक्स गणना में खुलासे के बाद नोटिस, नहीं देने पर हर महीने 2 प्रतिशत पेनल्टी

# बीएसपी ने रिसाली निगम को नहीं दिया 28 करोड़ संपत्ति कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

संपत्ति कर के मामले में नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने भिलाई इस्पात संयंत्र को नोटिस जारी किया है। बीएसपी को 28 करोड़ 86 लाख 30 हजार 37 रूपए जमा करने कहा है। टैक्स जमा नहीं करने पर कुल राशि पर 2 प्रतिशत पेनाल्टी हर महीने निगम जोड़ेगा। नगर पालिक निगम रिसाली ने संपत्तिकर की राशि कम होने पर वास्तविक गणना कर नोटिस जारी किया है।



#### इस तरह की गई टैक्स की गणना

नगर पालिक निगम भिलाई से अलग होकर बने रिसाली को भिलाई इस्पात संयंत्र हर वर्ष 1 करोड़ 52 लाख 41 हजार 45 रूपए संपत्तिकर के रूप में देता है। रिसाली निगम हर वर्ष संयंत्र के अधिकारियों को नए सिरे विवरणी कर राशि जमा करने की बात कह रही है। इसके बाद भी संयंत्र किसी तरह की रूचि नहीं दिखा रहा है। लगातार आय में कमी होने पर निगम आयुक्त मोनिका ने आवास समेत रिक्त भूमि की गणना कराने के बाद संपत्तिकर का निर्धारण करते नोटिस जारी की है।

#### वास्तविक टैक्स पर लगा ऐसा पेनल्टी

भिलाई इस्पात संयंत्र रिसाली को संपत्तिकर के रूप में 1 करोड़ 52 लाख 41 हजार 45 रूपए दे रहा है। वास्तविक गणना के बाद यह राशि बढ़कर 6 करोड़ 69 लाख 84 हजार 8 सौ 85 रूपए हो गई है। स्व विवरणी में गड़बड़ी होने पर एक्ट के तहत संपत्तिकर राशि में 5 गुना पेनाल्टी 23 करोड़ 50 लाख 6 हजार 5 सौ 45 रू. है। भिलाई इस्पात संयंत्र को अब पेनाल्टी के साथ कुल 28 करोड़ 86 लाख 3 हजार 37 रूपए जमा करना होगा।

#### इसका नहीं किया था निर्धारण

वास्तविक गणना में पाया गया कि इस्पात संयंत्र केवल टाउनशिन में बने रिहायशी आवास का संपत्तिकर दे रहा है। जबकि खाली जमीन, उद्यान, धार्मिक एवं व्यवसायिक परिसर का संपत्तिकर जमा ही नहीं कर रहा है। लगातार राजस्व की हानि पर रिसाली निगम ने सख्ती के साथ वसूली के लिए पत्र लिखा है।

#### लगेगा 2 प्रतिशत अधिभार

संयंत्र के अधिकारी अगर नोटिस में दर्शाए गई राशि को शीघ्र जमा नही करता है तो यह राशि हर माह बढ़ेगी। नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 138 की उपधारा 3 उपधारा 2 के अधीन एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिका भवन, भूमि के कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण नियम 2021 के नियम 14 के अनुसार संपत्तिकर के अंतर की राशि तथा अंतर की राशि जमा करने की तिथि के बीच अंतर के प्रत्येक माह के लिए 2 प्रतिशत की दर से अधिभार लिया जाएगा।

#### 15 दिन के भीतर बीएसपी रख सकता है पक्ष



हमने बीएसपी को कर की राशि जमा करने कहा है। अगर बीएसपी इस संबंध में किसी भी प्रकार का पक्ष रखना चाहता है तो वह नोटिस प्राप्त होने से 15 दिवस के भीतर अपना पक्ष रख सकता है। पक्ष नहीं रखने पर अंतर की राशि और अधिरोपित राशि की वसूली नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।
**-मोनिका वर्मा,** आयुक्त रिसाली निगम

## बारिश का पानी निकासी के लिए नालियों से हटाए कब्जे



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

तेज बारिश से शहर की सड़कों पर इतना पानी भर जाता है कि आवागमन बंद हो जाता है। इसकी मुख्य वजह है कि नालियां जाम रहती है। भिलाई निगम मानसूनी बारिश से पहले ही नालियों के ऊपर अवैध कब्जों को हटाने की मुहिम शुरू कर दी है। कब्जों को हटा कर जाम नालियों को क्लियर किया जाएगा। इसी को मद्देनजर रखते हुए निगम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की।

#### शंकरा कॉलेज जुनवानी रोड पर बड़ी कार्रवाई

लोगों की शिकायत मिल रही थी कि जुनवानी पेट्रोल पंप के सामने, शंकरा इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, पंडित दीनदयाल आवासीय योजना तक बहुत से छोटे-बड़े खाने-पीने की सामग्री बेचने वालों की दुकान संचालित हो रही है। जहां पर रात का बचा खाद्य सामग्री उठाकर नालियों में डाल देते हैं। इससे उधर बदबू फैला है और उन दुकानों पर खाने वाले लोग भी बेतरतीब गाड़ियां खड़ा कर देते हैं जिससे ट्रैफिक जाम हो जाता है।

#### नालियों पर ढाले गए स्लैब को तोड़ा गया

प्राप्त शिकायत के आधार पर जोन क्रमांक 1 के सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी के साथ मिलकर नालियों के ऊपर अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई किए। इसके पूर्व में भी वहां पर कार्रवाई की गई थी, लेकिन लोगों द्वारा फिर से नालियों के ऊपर स्लैब डालकर कब्जा कर लिया गया था। जिससे पानी जाम हो रहा था एवं बड़ी नाली में पानी नहीं पहुंच रहा था।

## काम को लेकर उपजे विवाद में स्टील की पाइप से पीट-पीटकर कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

मोहन नगर थाना अंतर्गत कादम्बरी नगर निवासी अंकित शर्मा की हत्या उसके चाचा गिरधारी शर्मा और चचेरे भाई उदय शर्मा ने की थी। काम को लेकर उपजे विवाद में दोनों ने मिलकर हाथ-मुक्कों से पहले अंकित को पीटा। इसके बाद स्टील की पाइप से सिर और हाथ में ताबड़तोड़ वार किए। बुरी तरह घायल अंकित को बीएम शाह हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर मोहन नगर पुलिस ने मामले में जांच की। जांच के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



■ आरोपी चाचा और चचेरा भाई गिरफ्तार, कादम्बरी नगर की घटना

पुलिस ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर धमधा नाका रोड के पास दोनों पक्षों में काम को लेकर विवाद हो गया था। विवाद गहराने पर अंकित शर्मा से मारपीट की गई। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां स्थिति बिगड़ता देख बीएम शाह अस्पताल सुपेला भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई ने बताया कि घटना 26 मई की सुबह करीब 11.30 बजे की है। वह अपने छोटे भाई अंकित शर्मा के साथ काम कर रहा था। उसी समय चाचा गिरधारी शर्मा और उदय शर्मा आकर गाली गलौच करने लगे। विवाद के मारपीट की गई। घटना कारित करने के बाद आरोपी फरार हो गए। बहरहाल पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### सशक्त एप से मिली चोरी गए वाहन की जानकारी, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** सशक्त एप में मिली जानकारी के बाद चोरी के दो वाहनों की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मामले में अछोटी निवासी देवेन्द्र कुमार दिल्लीवार की बाइक सीजी 07 बीडी 7764 एवं केलाबाड़ी निवासी साकिर हुसैन की बाइक सीजी 07 सीएफ 0696 को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। पद्मनाभपुर पुलिस ने गश्ते के दौरान 25 मई को पोटिया शराब भट्टी के पास आरोपी दिनेश देवार, नाबालिग को पकड़ा। दोनों बाइक के बारे में सशक्त ऐप से जानकारी देखी, पता चला दोनों वाहन चोरी के हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## लिफ्ट के होल से गिरने से युवक की मौत के मामले में एफआईआर

**29 अप्रैल को हुई थी घटना, सुपेला पुलिस ने दर्ज किया अपराध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सुपेला थाना क्षेत्र के जीई रोड स्थित चौहान स्टेट के संचालक के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। चौहान स्टेट के संचालक के खिलाफ यह एफआईआर उनकी लापरवाही के कारण एक युवक की मौत के दर्ज की गई है। पीएम रिपोर्ट व सभी तथ्यों की जांच के बाद यह बात सामने आई है कि चौहान स्टेट के संचालक की लापरवाही व लिफ्ट का मेंटेनेंस नहीं किए जाने के कारण ही डुंडेरा के युवक की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने धारा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। बता दें 29 अप्रैल को चौहान स्टेट के तीसरे माले पर लिफ्ट के होल में गिरने से बजरंग चौक ग्राम डंडेरा थाना उतई निवासी राजा बांधे पिता फगुवा राम बांधे (29) मौत हो गई थी। राजा बांधे चौहान स्टेट में किसी काम से आया था। तीसरे माले से वह लिफ्ट से नीचे आने के लिए पहुंचा तो उसका दरवाजा खुला था।

#### सामने आई लापरवाही, नाम का खुलासा नहीं

इस मामले में पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि लिफ्ट का मेंटेनेंस नहीं हुआ था और तीसरे माले पर चेतावनी बोर्ड भी नहीं लगाया गया। इसके कारण राजा बांधे ने लिफ्ट के अंदर जाने के लिए जैसे ही पैर रखा वह सीधा लिफ्ट के चेंबर में गिरन गया। उसके दोनो जांघो के बीच गंभीर चोट लगने से उसकी मृत्यु हो गई। चौहान स्टेट के संचालक द्वारा लापरवाही पूर्वक असुरक्षित छोड़ दिया गया जो धारा 106 (1)बीएनएस के तहत अपराधिक कृत्य है। इसे देखते हुए पुलिस ने चौहान स्टेट के संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### मौसम विभाग ने समय से पहले मानसून आने की जताई संभावना

# पांच साल का रिकार्ड टूटा, नवतपा में हर दिन हो रही बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

इस बार छत्तीसगढ़ में मानसून समय से पहले दस्तक देगी। । प्री मानसून आमतौर पर एक जून से प्रारंभ होता है लेकिन इस बार मई के अंतिम सप्ताह में ही बारिश शुरू हो गई है। पिछले पांच सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। नवतपा में ही हर दिन बारिश हो रही है। दिन में या फिर शाम होते ही बारिश हो रही है। मंगलवार को पूरे दिन सुबह से आसमान पर बदली छाई रही। ऐसा लगने लगा था कि बारिश कभी भी हो सकती है लेकिन इस बीच दोपहर को धूप भी खिली। जिसकी वजह से उमसभरी गर्मी लोगों को झेलनी पड़ी।



#### 8 जून को पहुंच सकता है मानसून, पिछले तीन दिनों से शहर में हो रही बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक 8 जून तक मानसून पूरे राज्य में पहुंच सकता है। केरल में पहले से ही मॉनसून की एंट्री हो चुकी है और अब यह तेजी से उत्तर और पूर्व की ओर बढ़ रहा है।इससे पहले कभी इतनी जल्दी मानसून नहीं पहुंचा था। इसके चलते बस्तर, बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर जैसे जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि कई अन्य जिलों में यलो अलर्ट लगा है। बीते चार दिनों में ही प्रदेश में 2000 मिमी से अधिक वर्षा हो चुकी है, जो शुरुआती मानसून के लिए असाधारण आंकड़ा माना जा रहा है।

#### आगे बढ़ रहा मानसून

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है तथा यह दक्षिण दिशा की ओर ऊंचाई के साथ झुका हुआ है।

#### ये द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ और उससे लगे पूर्वी विदर्भ के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक द्रोणिका दक्षिण पूर्व राजस्थान से उत्तर छत्तीसगढ़ तक पश्चिम मध्य प्रदेश होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

#### आज भी बन रहे बारिश के आसार

प्रदेश में 28 मई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा भारी वर्षा हो सकती है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।
**डॉ. एचपी चंद्रा,** मौसम विज्ञानी रायपुर



## खबर संक्षेप



### बुद्धिस्ट सोसाइटी को बुद्ध व धम्म ग्रंथ की भेंट

**दुर्ग।** बुद्ध कुटीर नया आमापारा शंकर नगर के पदाधिकारी अध्यक्ष प्रभु वासनिक, सह सचिव युवराज पटले, सचिव वायएल मडामे द्वारा बोधगया में धरना, प्रदर्शन व आंदोलन के लिए जाने वाले एनजी मेश्राम, राजेंद्र मेश्राम, युवराज पटले, अशोक मेश्राम आदि धम्म यात्रियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर मेमोरियल बुद्धिस्ट सोसाइटी के अशोक मेश्राम, समाजसेवी व पूर्व सचिव बुद्ध विहार समिति द्वारा भगवान बुद्ध और उनका धम्म एवं संबंधित त्रिपिटक सुत्त भाग-1 व भाग-2 द्धग्रंथ भेंट किया गया। इस मौके पर चैन लाल खांडेकर, केशोराव वासनिक, संजय वासनिक, राजकुमार मेश्राम, प्रमिला वासनिक व शालिनी वाहने आदि उपासक एवं उपासिकाएं उस्थित थे।

### सफाई कर्मियों को नियमित वेतन देने की मांग

**दुर्ग।** बहुजन समाज पार्टी शहर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष सचिन गवई ने कलेक्टर जनदर्शन में सफाई कर्मियों को नियमित वेतन देने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि दुर्ग नगर निगम के अंतर्गत आने वाले वार्डों में सफाई करने के लिए 582 अस्थाई ठेका सफाई कर्मियों की नियुक्ति की गई है। जो वार्ड में जाकर लोगों के घर से कचरा सफाई करने का काम करते हैं जिन्हें कुछ माह से वेतन नहीं मिल रहा है। जिससे उन्हें जीवन यापन करने में आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मियों को वेतन नहीं मिलने से काफ़ी नाराजगी देखने को मिल रही है। पूर्व में इन सफाई कर्मियों ने नगर निगम का घेराव भी किया था तथा शासन प्रशासन के सामने उन्होंने अपनी मांगे रखी थी बावजूद उसके इनकी मांग पूरी नहीं हुई। जिसके कारण वे काम पर आना भी बंद कर दिया हैं। जिससे लोगों के घर का कचरा नहीं उठा रह है। आम जनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सफाई कर्मियों को तत्काल वेतन तथा अन्य भत्ते देने की मांग की है।

### कोटपा एक्ट : की गई चालानी कार्रवाई

**दुर्ग।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन, स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत चालानी कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम धनोरा में स्कूल, कॉलेज के पास एवं होटलों के आस-पास पान दुकानों पर तंबाखू, सिगरेट की बिक्री पर चालानी कार्यवाही की गई। कार्यवाही अंतर्गत धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थान में धुम्रपान प्रतिबंधित है साथ ही कोटपा एक्ट की धारा 6 के तहत स्कूल के 100 गज के दायरे में तंबाखू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है तंबाखू उत्पादों का सेवन करते पाए जाने पर समझाईश देने के साथ नो स्मोकिंग व नाबालिग द्वारा तंबाखू उत्पादों पर खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध का बोर्ड लगाते हुए 10 चालानी कार्यवाही की गई। जिसमें कुल 1450 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।

# चोरी की रेत से बन रहा 25 करोड़ का इंटकवेल, मॉनिटरिंग नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग


दुर्ग। जेवरा सिरसा में बन रहे इंटकवेल में ठेकेदार द्वारा चोरी के रेत का इस्तेमाल कर राज्य शासन को राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ठेकेदार ने न तो पानी के उपयोग की परमिशन ली गई और न ही रेत नदी से निकालने खनिज विभाग से अनुमति ली गई है। इसके बाद भी रातो रात नदी से रेत निकालकर निर्माण कार्य में उपयोग किया जा रहा है। ठेकेदार के लिए मजे की बात तब हो गई हैं, जब वहां एक भी जिम्मेदार अधिकारी मानिटरिंग करने नही पहुंच रहे हैं।

जेवरा सिरसा सिरसाखुर्द व भटगांव में जलस्तर कमजोर होने के कारण यहां पेयजल की समस्या बनी हुई है। ऐसे केन्द्र सरकार ने इन गांव तक पानी लाने 25 करोड 8 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई हैं। इस कार्य के लिए उमंग इन्फ्रा (बिहार) की एजेंसी को काम दिया गया है। खनिज विभाग के अधिकारी रेत की मानिटरिंग भी नही कर रहे है, जिसका फायदा उठाकर ठेकेदार बगैर रायल्टी के रेत निकालकर इंटकवेल का निर्मण कर रहे हैं। इस निर्माण को लेकर ठेकेदार की लापरवाही और घटिया निर्माण की बात भी सामने आ रही है। मौके पर पता चला कि, वहां तकनीकी जानकार अधिकारी भी नही हैं। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि, निर्माण कार्य के समय उक्त स्थान पर कोई भी तकनीकी जानकार मौजूद नहीं होता, वहीं ठेकेदार द्वारा लगातार नदी से रेत चोरी कर उक्त निर्माण किया जा रहा है।

## तकनीकि जानकार नहीं कर रहे मॉनिटरिंग, पेटी ठेकेदारों से हो रहा काम

### रातो रात रेत निकालकर बेच रहे

ग्रामीणों ने बताया कि, सुबह के उक्त ठेकेदार द्वारा नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर इंटकवेल निर्माण कार्य में उपयोग करने एवं नदी से रेत निकाल कर बेचने की बात सामने आ रही है। खनिज विभाग की माने तो रेत निकासी के लिए किसी भी तरह का परमिशन नही लिया गया है। जो जांच का विषय है। यह तय है कि, इंटकवेल के निर्माण के लिए बिना अनुमति नदी से रेत का अवैध उतखनन किया जा रहा है, वहीं इंटकवेल में महत्वपूर्ण हिस्सा कालम के निर्माण की जिम्मेदारी भी स्थानीय मिस्त्रीयो द्वारा बिना किसी तकनीकी जानकारी के उपस्थिति में अमानक स्तर पर किया जा रहा है। पीएचई विभाग के अधकारियों ने बताया कि, साइड इंजीनियर विशाल गेड़ाम कई दिनों से मेडिकल छुट्टी पर है, ऐसे में पूरा फायदा उठाकर अमानक स्तर का निर्माण किया जा रहा है।



### नदी किनारे 325 करोड़ रूपए का कार्य

जल जीवन मिशन के तहत केन्द्र सरकार द्वारा जिले में 325 करोड रूपए से अधिक के कार्य के लिए स्वीकृति दी गई है। नदी किनारे समूह योजना के तहत चंदखुरी-कोलिहापुरी, जेवरा सिरसाखुर्द भटगांव, निकुम में इंटेकवेल, ओदरागहन-सुपरा में इंटेकवेल और कौही में इंटेकवेल, वहीं अंजोदा-ढाबा में इंटेकवेल और मोतिमपुर में इंटेकवेल बनाए जा रहे है।

### नहीं ली गई

जेवरासिरसा में इंकटेवल बनाने रेत निकालने जैसी कोई परमिशन नही ली गई है। निर्माण के दौरान टेंडर में पहले ही तय रहता है। **-दीपक मिश्रा,** खनिज अधिकारी दुर्ग

---

## मजबूरी : गर्मी का धान 15 से 18 सौ तक सिमटा, पिछले बार दो हजार में बिका

# कौड़ियों के भाव में बिक रहा धान सीधा सौदा, मिलर काट रहे चांदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸|दुर्ग

प्रदेश के गिने चुने आधा दर्जन जिलों के कृषि उपज मंडियों में ही धान की खरीदी हो रही है। बाकी मंडियों में जहां ताले लगे है, जिससे मिलरों की चांदी हो गई हैं। किसानों के पास धान बेचने दूसरा कोई विकल्प नही होने के चलते वे व्यापारियों के गिरे दाम पर धान बेचने को मजबूर है। हालात यह हैं कि, इस बार किसानों को पिछले साल से भी कम दाम पर धान बेचने मजबूर होना पड रह है। मंडी में बोली नही लगाए जाने के कारण बाजार में व्यापारियों के बीच प्रतिस्पर्धा समाप्त हो गई। जिससे किसानों को बाजार में सस्ते दाम पर धान बेचना पड रहा है।

जानकारी अनुसार प्रदेश में 71 से अधिक कृषि उपज मंडी और उप मंडी हैं। इसमें से राजनांदगांव, भाटापारा, नवागांव राजिम और धमतरी व रायपुर मंडी में ही सौदे हो रहे है। शेष सभी मंडियों के निर्माण में करोडों रूपए फूंकने के बाद भी यह किसानों के हित के लिए साबित नही हो रही है। वर्तमान में गर्मी के सीजन के धान को किसान अच्छी रेट मिलने की उम्मीद लगाए थे। लेकिन मंडियों में सौदे नही होने से उन्हें मायूस होना पड रहा है।

हालात यह हैं कि, राईस मिलर गांव-गांव में घुसकर किसानों का धान ट्रको ट्रक 15 सौ रूपए क्विंटल तक खरीद रहे है। दुर्ग नयापारा के किसान दुकालु साहू ने बताया कि, राईस मिलर उनके पतले धान की कीमत पन्द्रह सौ रूपए दिए है। इसमें भी धान में नमी होने की बात कहकर लौटा रहे है, इसलिए वे अपने आंगन में धान सुखाते नजर आए।

**खास बातें**

- मंडी में बोली नही लगने से राज्य शासन को नही मिल रहा राजस्व
- राईस मिलर सीधे किसानों से संपर्क कर खरीद रहे गर्मी का धान
- खरीफ में 31 रूपए क्विंटल पर सरकारी खरीदी, रबि धान का भाव नहीं

## करोड़ों की कृषि उपज मंडी में सन्नाटा, बाजार में बेचनी मजबूरी



दुर्ग। नवागांव वार्ड में घर के सामने धान सुखाते किसान।

### सरकारी धान की नीलामी से बाजार प्रभावित

राज्य शासन द्वारा इस बार खरीफ सीजन के धान की नीलामी कर दी गई है। जिससे सरकारी धान राईस मिलरों तक पहुंच रहा है। ऐसे में राईस मिलर किसानों के गर्मी के धान को खरीदी रूचि नही दिखा रहे है। यही कारण है कि, पिछले दो हजार रूपए क्विंटल तक बिकने वाला धान इस बार डेढ हजार रूपए की बोली में बिक रही है। व्यापारी और किसानों के बीच सौदे से मंडी प्रशासन को कौडी का शुल्क नही मिल पा रहा हैं।

### राजनांदगांव मंडी में 21 सौ क्विंटल तक रेट

हरिभूमि ने राजनांदगांव जिले की रेट लिस्ट की पडताल की तो पता चला कि, यहां प्रति क्विंटल न्यूनतम 17 सौ और अधिकतम 21 सौ रूपए का भाव मिल रहा है। यही दाम रायपुर, जांजगीर चांपा, धमतरी सहित अन्य मंडियों में मिले है। लेकिन दुर्ग जिले की मंडी बंद होने से किसानों को डेढ हजार से 18 सौ रूपए तक धान मिलरों को बेचने मजबूर होना पड रहा है। जानकारी अनुसार इसके आलावा अन्य मंडियों में नीलामी नही होने के कारण व्यापारी दूसरे जिले से भी दलालों से सौदा कर चांदी कांट रहे हैं।

### मंडी में कभी नहीं हुई धान की नीलामी

दुर्ग कृषि उपज मंडी के धमधा रोड में स्थापित होने के बाद यहां धान की नीलामी पूरी तरह से बंद हो गई है। जानकारो ने बताया कि, इसके पहले गंज चौक में धान की खरीदी होती थी। लेकिन करोडों रूपए की लगात से मंडी तैयार किया गया। जिसके बाद किसानों को फायदा मिलने के बजाय उल्टे उन्हें नुकसान हो रहा है। यही नहीं मंडी में नीलामी के जरिए धान न लेकर व्यापारी खुले बाजार में किसानों से धान खरीद रहे है, जिससे राज्य शासन को मंडी शुल्क में नुकसान हो रहा है।

**हमने मांगें रखी**

प्रदेश के पांच जिला को छोड कही भी धान की बोली नही लग रही है। हमने कई बार दुर्ग कृषि उपज मंडी में धान की नीलामी की मांग रखी थी। सुनवाई नही की गई। किसानों को नुकसान में धान बेचना पड रहा है। **-राजकुमार गुप्ता,** अध्यक्ष प्रगतिशील किसान संगठन

**करेंगे मांग**

सरकार से रवि और खरीफ फसल की धान खरीदने मांग करेगें। जिसमें मोटा धान पोहा मिल, पतला धान उसना राइस मिल और सरना धान अरवा राइस मिल देने जैसी व्यवस्था बनाने की मांग करेगें। यह सही है कि उत्पादन के तुलना में एक हजार क्विंटल भी दाम बाजार में नही है। **-विनायक ताम्रकार,** अध्यक्ष जिला किसान मोर्चा भाजपा

# हितग्राहियों ने कहा इतने पैसे में कैसे बनेगा आवास



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जमीनी हकीकत जानने आज जिला काँग्रेस कमेटी, दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर आवास हितग्राहियों के घर पहुंचे। श्री ठाकुर अपने दौरे के दौरान सर्वप्रथम पाटन विधानसभा के ग्राम चिचा पहुंचे, जहां आवास हितग्राहियों के निर्माणधीन मकान का जायजा लिया और हितग्राहियों से चर्चा किया।

- पीएम आवास की राशि 3 लाख किए जाने की मांग

कुछ हितग्राही शासन द्वारा प्राप्त कम राशि की वजह से निर्माण पूर्ण नही कर पाए है तो कुछ तो कुछ हितग्राही परिवार सहित अगली किश्त प्राप्त नही होने की स्थिति में सार्वजनिक कला मंच पर निवास करने मजबूर है। ग्राम चिचा के आवास हितग्राही बिशहत यादव व द्वारीक़ा राम साहू बताते है की शासन द्वारा आवास निर्माण हेतु प्रथम किश्त की राशि 40 हजार रुपये प्राप्त हुवे है। लेकिन उक्त राशि काफी कम है, हम गरीब परिवार के होने के कारण कोई भी दुकानदार हमें उधारी नही देते है, वही मिस्त्री भी पैसो के आभाव में काम रोक देता है। हितग्राही पुनीत राम ठाकुर अपना दर्द बतातें है कि, कच्ची मकान में दबने से उनकी पत्नी की मौत हो गई। उसके बाद कहीं जाकर आवास का प्रथम किश्त प्राप्त हुआ तो आज तक 2 वर्षो में अगला कोई किश्त ही प्राप्त नही हुआ।

### हितग्राहियों ने सुनाई पीड़ा, कई मकान अधूरे पड़े

श्री ठाकुर ग्राम गाडाडीह, मुड़पार के हितग्राही देवेंद्र गेडाम, राधेलाल यादव, चंद्रशेखर यादव, मेघनाथ पटेल के निर्माणाधीन आवास का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। ज्यादातर हितग्रहियों का कहना था कि वर्तमान में शासन द्वारा आवास निर्माण हेतु विभिन्न किश्तों में मात्र 1 लाख 20 हजार रुपये दिया जा रहा है, जिससे आवास निर्माण तो क्या प्रारंभ भी नही किया जा सकता। शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि बहुत ही कम है, जिसे बढ़ा कर 2 लाख 50 हजार व मनरेगा मजदूरी 15 हजार से 50 हजार कुल 3 लाख रुपये तक किए जाने की मांग की हैं। इस विषय को लेकर जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि जल्द ही मांग पूरा करने प्रधामनंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। तय समय मे मांग पूरा नही होने पर जिलापंचायत परिषर दुर्ग के सामने हितग्राहियों के साथ तंबू लगाकर प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान विक्की चंद्राकर, अमृत राजपूत, सोमेश चंद्राकर, लोचन यादव, हरि कश्यप, कुणाल मिथलेश, पालेश्वर ठाकुर, श्यामाचरण मनहर, हितेश निर्मलकर आदि थे।

---

# मंत्रालय का घेराव करेंगे आज एक साथ सभी शिक्षक संगठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

युक्तियुक्तकरण की विसंगतियों व शालाओं में शिक्षकों के पदों की कटौती, शालाओं तथा शिक्षकों के तथाकथित युक्तियुक्तकरण का विरोध मंत्रालय के घेराव तक पहुंच गया है। समस्त शिक्षक संगठनों ने कहा है कि, विरोध शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षक उपलब्धता की प्रक्रिया से नहीं बल्कि युक्तियुक्तकरण की विसंगतिपूर्ण निर्देशों व प्रक्रिया की खामियां के प्रति है। विभिन्न संगठन लगातार साल भर से विसंगतियां तथा समाधान के सुझाव सरकार को देते रहे हैं, लेकिन विभाग ने इनका कोई संज्ञान नहीं लिया। ज्ञात हो कि प्रदेश के समस्त शिक्षक संगठनों द्वारा सर्व शिक्षक साझा मंच के बैनर तले 28 मई को नया रायपुर के धरना स्थल से मंत्रालय घेराव किया जा रहा है, जिसमे प्रदेश के हजारों शिक्षक सम्मलित होकर युक्तियुक्तकरण के विसंगतियों का विरोध करेंगे। संघ ने कहा कि विभाग द्वारा निर्मित संवादहीनता ही इस टकराव के लिए जिम्मेदार है। सर्व शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय संचालक वीरेंद्र दुबे और प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा ने कहा कि राज्य के समस्त शिक्षक संगठनों का मानना है कि विभाग में प्रशासनिक निरंकुशता चरम पर है तथा राज्य में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली का कारण भी यही है तथा विभाग शालाओं व शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से प्रशासनिक मशीनरी सरकार, मीडिया, समुदाय सभी को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

- नया रायपुर के धरना स्थल तूता में कल उमड़ेगा शिक्षकों

# आवासीय अकादमी के लिए तीन बालिकाओं का हुआ कबड्डी में चयन







दुर्ग। छग शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बिलासपुर जिले में संचालित खेलों इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आवासीय अकादमियों में प्रवेश हेतु चयन ट्रायल का आयोजन 29 एवं 30 अप्रैल 2025 को स्व. बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहरतराई, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में इंडिया लघु केन्द्र मर्रा तहसील पाटन जिला दुर्ग के बालिका कबड्डी खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में भाग लिया। जिसमें 3 बालिका कबड्डी खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में कु. जान्हवी नेताम (ग्राम सांतरा), कु. किंजल ठाकुर, एवं कु. दिव्या नेताम ग्राम दरवार मोखली, का नाम शामिल है। तीनों खिलाड़ियों का चयन जिले की खेल प्रतिभाओं के लिए गौरव का विषय है। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंजलुस एक्का ने बताया कि, बिलासपुर में स्थित इस आवासीय खेल अकादमी में खिलाड़ियों को न केवल गहन खेल प्रशिक्षण दिया जाएगा, बाल्कि उन्हें गुणावत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक आहार, खेल पारिधान, आवश्यक सामग्री और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी का भी अवसर मिलेगा।

# अधिवेशन में लिया गया फैसला, 30 जुलाई को करेंगे एक दिवसीय प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग




भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध भारतीय डाक कर्मचारी एसोसिएशन का 17वा अखिल भारतीय अधिवेशन दिनांक 24 एवं 25 मई को एक निजी होटल में संपन्न हुआ। इसमें अगले सत्र 2025 से 2027 तक संघ कार्य करने के लिए केंद्रीय पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। जिसमें सर्व सम्मति से विमल त्रिवेदी, जूनागढ़, गुजरात, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अनंत कुमार पाल, बीरभूमि, पश्चिम बंगाल, राष्ट्रीय महामंत्री वेंकैया, चिराला, आंध्रप्रदेश, उप राष्ट्रीय महामंत्री एवं शैलेश बाग़मरे, मुंबई, महाराष्ट्र राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चुने गए। इस अधिवेशन को पहले दिन महेंद्र प्रताप सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ एवं पोस्टल प्रभारी, भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री दिनेश पांडे एवं डाक निदेशालय नई दिल्ली से आए उप महानिदेशक (मेल ऑपरेशन) दुष्यन्त मुद्गल ने संबोधित किया। राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे एवं छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जे प्राप्त योगेश मिश्रा एवं कई राष्ट्रीय महामंत्रियों ने संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पत्रिका का विमोचन माननीय सांसद संतोष पांडे द्वारा किया गया। इसके साथ साथ कर्मचारियों की गंभीर समस्याओं पर चर्चा एवं निदान तथा 30 जुलाई को पूरे देश में एक दिवसीय रात्रिकालीन धरना का

---

# सामूहिक श्रमदान से तालाब, हैंडपंप व कुंए के आसपास की गई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी के पर नगर निगम ने शहर के तालाबों, नल और बोर की सफाई का अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के पर शहर के वार्ड 3 मठपारा में अ भि या न चलाया गया। सोमवार सुबह 2 घंटे तक चले इस जलस्त्रोत तालाब, कुंआ, नलकूप, हैण्डपंप के आसपास व्यापक साफ-सफाई के साथ जीर्णोधार के लिए जनभागीदारी के साथ सामुहिक श्रमदान किया गया। यह अभियान न केवल स्वच्छता सुनिश्चित करता है बल्कि सामुदायिक भागीदारी और जागरूकता को भी बढ़ावा देता है। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों को जीवित रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। जो उनके योगदान और आदर्शों को याद रखने के लिए एक विशेष पहल है। सारथीपारा सहित क्षेत्र के लोगों से जरूरत पूरी हो जाने के बाद नल बंद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी अपने घर के नलों में टोटी अवश्य लगवाएं। पानी बेवजह बहने न दें। इस दौरान वित्त विभाग प्रभारी व पार्षद पार्षद नरेंद्र बंजारे, स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, नोडल स्वास्थ्य अधिकारी मोहेंद्र साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, शोएब अहमद, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पंकज चंद्रवंशी आदि मौजूद

- उपयोग न होने पर नल की टोंटी बंद रखने की अपील

## क्लीन सिटी और प्लेसमेंट के डेढ़ हजार कर्मी निकालेंगे आज रैली

# ठेका प्रथा से भड़का गुस्सा, कर्मचारियों को मजदूरी के लाले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

नगरनिगम में एक अप्रैल से सफाई कार्य को ठेके पर दिए जाने से व्यवस्था चरमरा गई है। ठेकेदार द्वारा अप्रैल माह के वेतन में राशि काटकर जमा किया जा रहा है। वही अभी भी आधे से ज्यादा सफाई कर्मियों को वेतन जारी नही किए जाने से गुस्सा फूटने लगा है। बुधवार को मिशन क्लीट सिटी के आलावा प्लेसमेंट कर्मी भी समर्थन में कूद पडे है। जिससे शहर में पूरी तरह से सफाई कार्य बंद रहेगें।

जानकारी अनुसार मिशन क्लीन सिटी में 582 कर्मचारी कार्यरत है, जो डोर टू डोर से लेकर कचरा कलेक्शन का कार्य करते है, वही इससे ज्यादा एक हजार कर्मी प्लेसमेंट में कार्य करते है। ऐसे में प्लेसमेंट कर्मियों की भी हडताल से सफाई व्यवस्था चरमरा जाएगी। डोर टू डोर कचरा नही उठाने के साथ ही अब सडक और नालियों की सफाई भी नही हो पाएगी। पिछले सप्ताहभर से कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे है। मंगलवार को सफाई कर्मियों द्वारा एक बार फिर नगरनिगम परिसर में सैकडों की संख्या में प्रदर्शन किया गया। सफाई संघ ने चेतावनी दी है कि, बुधवार से एमसीसी और प्लेसमेंट के कर्मी राजेन्द्र पार्क से नगरनिगम तक रैली निकाकलर प्रदर्शन करेगें।

- वेतन का भुगतान नहीं कर्मियों का आंदोलन जारी



### सुपरवाईजरों को काम से निकालने की चेतावनी

मंगलवार को एसएलआरएम सेंटर निरिक्षण में पहुंचे महापौर अल्का बाघमार ने केयर टेकरों को जमकर फटकार लगाई। मेयर ने कहा पेमेंट होने के बाद आखिर वे काम पर क्यों नही आ रहे है। उन्होने सभी ग्यारह केयर टेकरो को कार्य से निकालने के निर्देश दिए। ऐसी जानकारी मिली है कि, जिसके बाद देर शाम सभी को कार्य से पृथक रखने नोटिस भी जारी कर दिया गया।

### पूर्व मेयर सहित कांग्रेसियों का समर्थन

मंगलवार को रविशंकर स्टेडियम के सामने बने एसएलआरएम सेंटर में पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल सहित कांग्रेसी पहुंचे और उन्होने कर्मियों की मांगों को लेकर समर्थन दिया। धीरज बाकलीवाल का कहना है कि, जिन कर्मचारियों को वेतन मिला भी है, वह अधूरा और असंगत है। कई कर्मचारियों के निष्ठा ऐप को बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दिया गया। किसी कर्मचारी द्वारा एक दिन की छुट्टी लेने पर दो दिन का वेतन काटा जा रहा है। मिशन क्लीन सिटी में ठेका प्रथा को पूरी तरह समाप्त किया जाए, क्योंकि यह प्रणाली केवल शोषण को बढ़ावा देती है। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल , नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद दीपक साहू , भास्कर कुंडले, अलताफ अहमद , मनदीप भाटिया गौरव उमरे, आयुष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### करगाडीह में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**उतई।** महिमा हॉस्पिटल, महिमा मेडिकल एवं शाश्वत डायग्नोस्टिक सेंटर उतई के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम करगाडीह में निःशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 36 मरीजों का जांच कर दवाई वितरण किया गया। सभी मरीजों का बीपी, सुगर स्कैनिंग कर उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर में डॉ. विपुल गुप्ता, डॉ. आकाश साहू, चिम्मन ठाकुर, अनिकेत ताम्रकर, भेनकुमारी यादव, जया कुंजाम पारस पटेल, राधेश्याम, सरपंच करन सेन, सचिव सरस्वती यादव एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह कल

**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष सांसद विजय बघेल के निर्देशन एवं दुर्ग जिला अध्यक्ष सुनील चंद्राकर के संयोजन में आगामी 29 मई को छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला दुर्ग के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई नगर में सुबह 10.30 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित राजनीतिक दायित्व प्राप्त किए गणमान्य जनों का भी सम्मान किया जाएगा। आयोजन में प्रदेशभर के सामाजिक पदाधिकारीगण सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी जाएगी।

## निधन

### हेमंत हरमुख

**भिलाई।** दुर्ग ब्लाक के ग्राम थनौद निवासी हेमंत हरमुख (पप्पू) का हैदराबाद में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 मई को सुबह 11 बजे शिवनाथ नदी दुर्ग स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे थनौद व वर्तमान में पंचशील नगर दुर्ग निवासी स्व. अर्जुन सिंह हरमुख व कांती देवी हरमुख के छोटे पुत्र, राजू हरमुख के भाई व भुनेश्वरी, रूपु, डिलेश्वरी के छोटे भाई थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### लक्ष्मीनारायण बघेल

**सेलूद।** बाजार चौक सेलूद निवासी लक्ष्मीनारायण बघेल का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके निज निवास के पीछे चारबांधा तालाब पार में अंतिम संस्कार किया गया। वे पूर्व सरपंच भुनेश्वरी बघेल की पति और रवि बघेल, डिकेश बघेल के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



// न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग //
ईश्तहार
राजस्व प्रकरण क्रमांक 202505101000170 अ-6-अ 2024-2025 एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक. धनेश्वर प्रसाद शर्मा आ स्व. सियावर शर्मा साकिन कैलाशनगर कुरुद भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. तहसील व जिला दुर्ग मे उसके नाम पर भूमि ख.न. 1574/3 रकबा 0.0137 को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से क्रय किया था, जिसका नामान्तरण पश्चात ऋण पुस्तिका प्राप्त हो गया था, परन्तु वर्तमान अभिलेख में रकबा 0.0100 हे. दर्ज है को सुधार किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उपरोक्त भूमि को ख.न.1574/3 रकबा 0.0137 हे... सुधार किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 13-6-2025 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 19.5.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।
अतिरिक्त तहसीलदार
उप तहसील, भिलाई नगर

**विडंबना :** धमधा तहसील में इन दिनों अव्यवस्था का आलम

# धमधा तहसील बना कमीशनखोरी का अड्डा, हितग्राही हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा तहसील में इन दिनों अव्यवस्था का आलम अपने चरम पर है जहां आम नागरिक अपनी जीवन शैली रोजी मजदूरी, खेती किसानी करके जीवन यापन कर रहा है, वहीं तहसील में इन आम नागरिकों के लिए उनके राजस्व संबंधी मामलों में अवैध उगाही जारी है। आम आदमी की कमर टूट जा रही है अगर वो बिना पैसे के तहसील की डेहरी पर अपना कार्य के लिए गया हो। बिना पैसों के या तो प्रार्थी को रोजाना पेशी दर पेशी दी जाती है या कार्य के समय अवधि तक घुमाकर अंत में निरस्त कर दिया जाता है। रोजाना तकरीबन सैकड़ों लोग धमधा नगर सहित पूरे ग्रामीण इलाकों से अपने-अपने कार्य के लिए तहसीलदार के चौखट पर माथा रगड़ने आते हैं इनमें से तो कुछ लोग ऐसे हैं जिनका रोजाना परेड जैसे पेशी दी जाती है। छोटे-छोटे कार्य जैसे फर्ज बटवारा, त्रुटि सुधार, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन सहित सभी राजस्व प्रकरणों का रेट आला अधिकारियों ने सेट करके रखा है। यहां तक कि बच्चों को भी उनके प्रमाण पत्रों के लिए भी राजस्व दान देना पड़ रहा है। वहीं यही हाल बोरी तहसील का है जहां चपरासी, बाबू से लेकर अधिकारियों के द्वारा आय दिन लोगों से पैसे की मांग की जाती है और किसानों को उनके कार्य के लिए घुमाया जाता है।

**हर राजस्व संबंधी कार्य का तय है रेट**




### किसानों को किया जाता है टारगेट

इन दिनों तहसील में किसान सहित अन्य प्रार्थियों को उनके राजस्व प्रकरणों के निपटारा के लिए दलाल सक्रिय है जो कि अपनी सेटिंग तहसीलदार से बताकर लोगों को पैसे की मांग करते हैं। हर कार्य का अलग-अलग रेट तय किया जाता है। वहीं वर्तमान स्थिति को देखा जाए तो जो व्यक्ति पैसा देकर अपना कार्य करवाता है उसका जल्द ही कार्य करके निपटारा कर दिया जाता है बाकी जो पैसे नहीं देते उसे नियमों का हवाला देकर रोक दिया जाता है। धमधा नगर सहित प्रमाणीकरण के कई ऐसे प्रकरण हैं जिसमें तहसीलदार द्वारा ही प्रमाणीकरण करने योग्य नहीं है लिख कर देने के बावजूद कुछ दिनों बाद प्रमाणीकरण कर दिया जाता है जो कि संदेह के घेरे में आ जाता है। धमधा श्रमजीवी पत्रकार संघ धमधा में इस पूरे मामले की शिकायत उच्च अधिकारी को किया है जिस पर अधिकारी ने तत्काल जांच करके कार्यवाही करने की बात कही है।

### अधिकारियों पर कार्रवाई जरूरी

“ किसानों को तहसील में ही नहीं सभी विभागों में लुटा जा रहा है लेकिन तहसील कार्यालय इसका जीता जागता प्रमाण बन रहा है। राजस्व मामले के किसी भी कार्य के लिए किसानों से पैसे की मांग की जाती है जो कि गलत है यह सरकार प्रशासनिक पकड़ में बिल्कुल फेल है। ऐसे अधिकारियों पर कार्यवाही आवश्यक है।

**शिव कुमार वर्मा,** अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा

### तहसीलदार की उदारता के चक्कर में सरकारी दस्तावेज जा रहे निजी हाथों में

धमधा तहसील के सभी दस्तावेज भगवान भरोसे हो गए हैं। तहसील परिसर में ही अपने आपको अधिकारी का खास बताने वाले अज्ञात लोगों के द्वारा शासकीय दस्तावेज का अवलोकन, कॉपी करना, फोटो खींचना जैसे कार्य करते हैं ताकि प्रार्थी को उसके कार्य करवाने के लिए रेकी की जा सके। एक तरफ छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा तहसील कार्यालय में 5 रुपया तक रिश्वत नहीं देने की बात समाधान शिविर में कहा जाता है वहीं इसके बिलकुल विपरीत धमधा तहसील में तहसीलदार के नाक के नीचे कमीशन खोरी का खेल चल रहा है। आम लोग परेशान हैं। लाखों की गाड़ी, लाखों का मोबाइल रखकर अपना छबि चमका रहे है तो आखिर इन पर कार्यवाही कब तक की जाएगी ?

### तहसील कार्यालय के कार्य निंदनीय

“ राजस्व मामले में तहसील कार्यालयों में पैसे लेने की मांग की सूचना प्राप्त हुई है जो कि बेहद निंदनीय है। जहां किसानों के प्रति और आमजनों के हित के लिए यह सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। कार्यवाही निश्चित है वहीं साजा विधायक ईश्वर साहू तत्काल संज्ञान में लेंगे।

**आरुणि दानी,** विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत धमधा

### धमधा और बोरी तहसील में कमीशन खोरी

“ तहसील कार्यालय में खुलेआम अधिकारियों के नाक के नीचे कर्मचारी एवं अपने निजी लोगों के द्वारा लोगों को उनके प्रकरण के निपटारा एवं राजस्व संबंधी कार्य के लिए पैसे की मांग कर रहे हैं। धमधा और बोरी तहसील कमीशन खोरी में एक नया रिकॉर्ड स्थापित कर रहे हैं। जिस पर कार्यवाही होनी चाहिए।

**मनीष साहू,** भाजपा नेता

## संसाधनों की कमी के बाद भी पुरई के खिलाड़ियों ने बनाई पहचानः सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के खेल गांव के नाम से प्रसिद्ध ग्राम पुरई में फ्लोटिंग विंग स्विमिंग एकेडमी द्वारा आयोजित स्विमिंग पूल निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल, कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, विशेष अतिथि दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, सरपंच डोमार साहू, उपसरपंच शीलता ठाकुर, कोच ओम प्रकाश ओझा के द्वारा स्विमिंग पूल निर्माण की आधारशिला रखी गई।

- पुरई में स्विमिंग पूल के शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित हुए दुर्ग सांसद विजय व विधायक ललित

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल द्वारा खिलाड़ियों व ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि संसाधनों की कमी के बावजूद ग्राम पुरई के बच्चों ने विभन्न खेलों के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाया है। जिस वजह से आज ग्राम पुरई को खेल गांव पुरई के नाम से पूरे छत्तीसगढ़ में जाना जाता है। इस स्विमिंग पूल निर्माण से यहां के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगा इसके लिए में ग्राम के तैराक कोच ओम ओझा को बधाई व शुभकामनाएं देता हूं।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कोच ओम ओझा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अपने मेहनत और लगन के बल पर गांव में खेल प्रतिभा को निखार कर आगे लाया और इस गांव के खिलाड़ी आज राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ये हमारे क्षेत्र व प्रदेश के लिए गौरव की बात है। आज स्विमिंग पूल की आधार शीला रखे हैं आने वाले समय खम्हारिया में एक बड़ा खेल ग्राउंड सर्व सुविधायुक्त बनने वाला है। जिसके निर्माण होने पर खम्हरिया तथा खम्हरिया के आसपास के गांवों में रहने वाले खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगा।

कोच ओम कुमार ओझा ने उपस्थित अतिथियों को किस प्रकार ग्रामवासियों एवं खिलाड़ियों के सहयोग से स्विमिंग पूल निर्माण किया जा रहा है उसकी जानकारी दी। इस अवसर पर उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, सरपंच डोमार साहू, उतई मंडल अध्यक्ष एवं उपसरपंच शीलता ठाकुर, रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिन्हा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़, अधिवक्ता तुलसी साहू, नवीन पवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, ग्राम करगाडीह सरपंच करण सेन, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, फलेंद्र राजपूत, पूनम सपहा, छबीलाल साहू सहित पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी के सदस्यगण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## हिंदू देवी देवताओं पर टिप्पणी करने वाले युवकों के खिलाफ की कार्रवाई



- विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल पाटन ने की शिकायत

**पाटन।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल पाटन खण्ड के द्वारा विगत कई महीनों से भरर चौक पाटन में फल भंडार का व्यापार करने वाले कबीर फल भंडार के मालिक प्रमोद भट्ट एवं उसके भाई अर्जुन भट्ट खोरपा निवासी के द्वारा हिंदू देवी-देवता एवं साधु संतों के ऊपर पिछले कई महीनों से टिप्पणी करने एवं धार्मिक भावना को आहत करने, सोशल मीडिया में पोस्ट शेयर करने को लेकर इन दोनों के खिलाफ़ पुलिस थाना पाटन में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल पाटन खण्ड द्वारा लिखित शिकायत किया था। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया है। इन दोनों आरोपी को कई बार बजरंग दल के नगर अध्यक्ष अवधेश सन्नी ठाकुर एवं अन्य लोगों के द्वारा बार-बार समझाइश भी दी गई थी। इस तरह का कार्य ना करे करके, नहीं माने इस कारण पुलिस थाना में सूचना दिया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पाटन खण्ड अध्यक्ष राधे यादव, सन्नी अवधेश सिंह ठाकुर अध्यक्ष पाटन नगर बजरंग दल पाटन, संयोजक आलोक पाण्डेय, संयोजक नारायण पटेल, कुणाल शर्मा, गुलशन सोनी, सागर सोनी, आदित्य सावर्णी, राहुल राघव भावेश साहू, ओमप्रकाश बघेल आदि उपस्थित थे।

## श्रीराम मंदिर जीर्णोद्धार के लिए 5 लाख की राशि स्वीकृत

**कुम्हारी ।** स्टेशन चौक स्थित श्रीराम मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए व्यापारी संघ कुम्हारी ने भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू निषाद के समक्ष मांग रखी, जिसे उन्होंने दुर्ग के सांसद विजय बघेल के समक्ष रखा। ज्ञात हो यह कुम्हारी के प्राचीन मंदिरों में एक है। उक्त मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए अपनी सहमति देते हुए सांसद विजय बघेल ने प्रारंभिक कार्य के लिए 5 लाख की राशि स्वीकृत किया। इससे समस्त कुम्हारीवासी, व्यापारी संघ, भाजपा परिवार एवं श्रीराम भक्त अत्यंत प्रसन्न हैं। इस कार्य के लिए राजू निषाद ने सांसद विजय बघेल एवं रजनी बघेल को धन्यवाद स्वरूप प्रभु श्रीराम का तैलचित्र भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पार्षद लोकेश साहू, वार्ड नंबर 15 के पार्षद अनुराग गुप्ता, सेजस सांसद प्रतिनिधि सुजीत यादव, वार्ड 24 की पार्षद ममता साहू, पूर्व पार्षद शरागिनी निषाद, प्रणव श्रीवास्तव सहित व्यापारी संघ कुम्हारी के सदस्य अनुज शुक्ला, विशाल राठौड़, प्रकाश जैन, मनहरण साहू, गोविंद बघेल, रूपेश साहू, अमित नंदेश्वर आदि उपस्थित थे।



## भवन निर्माण कार्य जल्द कराने की मांग



**उतई।** नगर गोड़वाना विकास समिति उतई के पदाधिकारी द्वारा नगर पंचायत उतई में मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेंद्र नायक को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मांग की गई है नगर पंचायत उतई वार्ड 13 मे आदिवासी सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा जो लगभग एक वर्ष होने जा रहा मगर अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है और भवन में टायलेट रूम तो बना दिया है मगर सेप्टिक टैंक नहीं बना है जो टायलेट और सेप्टिक टैंक तो अनिवार्य है जिसके लिए नगर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द निमार्ण कार्य सेप्टिक टैंक सहित पूर्ण करने की मांग की। इस दौरान गोंडवाना विकास समिति के बहादुर सिंह नेताम, युवा अध्यक्ष भरत मंडावी, पूर्व पार्षद संतोषी कुंजाम, वैदिक ठाकुर, मायावती मंडावी, डामिन नेताम, तोरण ठाकुर, पार्षद शिवकुमार मंडावी, संतोष नेताम, पंकज कुंजाम, अजय ठाकुर, लोक निर्माण प्रभारी सोनू राजपूत एवं समाज के लोग उपस्थित थे।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स के नए शो रूम में उमड़ रहे ग्राहक



**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के नए शो रूम का भव्य शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि तिमिरेन्दु शेखर सिंह एवं विशेष अतिथि निज सहायक मुख्यमंत्री तुलसी कौशिक, सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अल्का बाघमार, भाजपा दुर्ग जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ दिल्ली संतोष साहू एवं गणमान्य नागरिक सराफा अध्यक्ष प्रकाश सांखला, ओम सोनी, अजय सोनी, धर्मेन्द्र सोनी, करतार सिंह अलरेजा, अधिवक्ता विजय शर्मा, अधिवक्ता नागेंद्र शर्मा, अध्यक्ष इंदिरा मार्केट मितेश पटेल, अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल अहिवारा विस नरोत्तम कुमार, अधिवक्ता रविशंकर मानिकपुरी, अनिल साहू, अजय दुबे आदि का गरिमामय उपस्थिति रहा। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## विनायकपुर का अंधा मोड़ हादसे का सबब



**निकुम।** अंडा निकुम सड़क मार्ग तकरीबन 31 करोड़ की लागत से बनी, लेकिन विनायकपुर में सड़क पर मुआवजा प्रकरण के कारण करीब ड़ेढ़ किमी विनायकपुर बस्ती सड़क पर चलने में राहगीर पर दहशत का छाया रहता है। वहीं अंधे मोड़ पर जानलेवा गड्ढे में आए दिन गाड़ी फसती है, पटलती ,कई घंटो जाम रहता है। वहीं कई क्षेत्र के नेताओं को ज्ञापन व मांग पत्र देकर ग्रामीण थक गये, गर्मी में जर्जर सड़क धूल से जाने बहुत दिक्कत होती है, बारिश में पानी जाम होने से बीमारियों व बरसाती जीव जंतु का खतरा मंडराता है। वहीं राहगीरों को मोटर साइकिल जान जोखिम में गढ्ढे भरे पानी में चलाना पड़ता है।

लोक निमार्ण विभाग खतरे के साइन बोर्ड लगाकर कन्नी काट ली है, पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने कहा कि भाजपा सिर्फ सुशासन का फ्लैक्स बोर्ड लेकर गांव गांव विकास के नाम पर डिंडोरा पीट रही है। वहीं भाजपा नेताओं को जनता की तक्लीफ दिखाई नही देती है। उस गड्ढे जर्जर की मरम्मत गिट्टी डालकर ,डामरीकरण करे तो राहगीरो को राहत मिलेगी। गौर हो कि विनायकपुर के समीपस्थ ग्राम गांव भिलाई में प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम विष्णुदेव साय आने की संभाव है फिर भी विभाग कुंभकर्णीय नींद में है।

## निःशुल्क खेल प्रशिक्षण का आयोजन 1 जून से



**भिलाई।** मनसा शिक्षा महाविद्यालय के द्वारा 1 जून से 15 जून 2025 तक 15 दिवसीय निःशुल्क खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आसपास के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से अभी तक 100 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन किए हैं। इस प्रशिक्षण शिविर में एरोबिक्स, कराटे, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, योगा, एथलेटिक्स, थ्रोबाल, खो-खो एवं कबड्डी खेल का निःशुल्क प्रशिक्षण, अनुभवी प्रशिक्षक द्वारा दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मनसा शिक्षा महाविद्यालय के स्पोर्ट्स ग्राउंड में सुबह 7 से 8.30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु दुर्ग-भिलाई शहर में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 11,000
दिनांक - 27 मई से 30 मई 2025
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
8370049468
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, आदर्श पेट्रोल पंप के सामने, कमला मेडिकल लाईन, सुपेला भिलाई

# सेमरिया में 74 एकड़ में भिलाई निगम लगाएगा ऑनग्रीड सोलर प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में हुई। ग्राम सेमरिया में निगम के 74 एकड़ भूमि के खसरा नबंर 312/1 आनग्रीड सोलर प्लांट की स्थापना क्रेडा विभाग के सहयोग से 1000 किलो वाट का आनग्रीड सिस्टम के 2 प्लांट की स्थापना होगी। जिसकी लागत 12.76 करोड़ आएगी। उत्पादित बिजली छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को दी जाएगी। उसके बदले में उसी मूल्य की राशि की बिजली से निगम भिलाई अपने विद्युत व्यय की प्रतिपूर्ति करेगा। एमआईसी के अनुशंसा के बाद शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। स्वीकृति पश्चात आगे की कार्यवाही की जावेगी।

## नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक में दी गई मंजूरी

### रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए टेंडर

निगम क्षेत्र में स्थित भवन अनुज्ञा प्राप्त आवास एवं व्यवसायिक परिसर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाएगी। जिसके माध्यम से लगभग 1660 बचे हुए आवासीय एवं व्यवसायिक मकान है, जिनका निगम कोष में 15 हजार रूपया जमा है। उसी पैसे से उन मकानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा। एमआईसी सदस्यगणो ने इस प्रस्ताव की सराहना की। महापौर नीरज पाल ने कहा इसे शीघ्रता से पूरा किया जाए। इसके निविदा में यह शर्त रखा जाए कि कई एजेंसियों के माध्यम से काम कराया जाए। जिससे अधिक से अधिक संपादन कार्यो को बरसात आने से पूर्व कर लिया जाए।



### शहीद राम आशीष की प्रतिमा होगी स्थापित

जोन 3 क्षेत्रांतर्गत सेक्टर 02 तालाब के पास निर्मित उद्यान में वीर शहीद राम आशीष यादव अमर बलिदानी स्मारक 3डी स्टेचू पेडस्टल प्रतिमा स्थापना एवं उद्यान का नामकरण करने के प्रस्ताव को महापौर परिषद ने अनुशंसा करके सामान्य सभा के समक्ष विचारार्थ रखने हेतु स्वीकृति प्रदान की।

### बैडमिंटन कोर्ट सड़क 16 पर

जोन 03 अंतर्गत वार्ड 56 सड़क 15 एवं 15ए के मध्य बैंडमिंटन कोर्ट निर्माण कार्य का स्थल परिवर्तन कर वार्ड 66 सेक्टर 02 सड़क 16 त्रिमूर्ति उद्यान में बैंडमिंटन कोर्ट निर्माण करने का सहमति प्रदान की गई। वार्ड पार्षद द्वारा स्वयं स्थल परिवर्तन का मांग किया गया था। निगम क्षेत्र में स्थित 500 सीट शहरी अजीविका केन्द्र निर्माण कार्य संशोधित प्राक्कलन अनुसार कार्य कराये जाने की अनुमति हेतु कुल राशि 800 लाख मात्र की स्वीकृति प्रदान की गई थी। उक्त कार्य में विद्युत कार्य एवं आधुनिक पार्किंग व्यवस्था कार्य शेष था। उक्त कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु 49.96 लाख की अतिरिक्त बजट की आवश्यकता थी।

### विधायक निधि से भी होंगे कार्य

भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा विधायक निधि से शेष कार्य कराये जाने हेतु अतिरिक्त राशि 49.96 लाख अनुशंसा उपरांत 23 मार्च.2025 अनुसार प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होने के बाद उपरोक्त कार्य कराये जाने की अनुशंसा एमआईसी द्वारा प्रदान की । महापौर परिषद की बैठक में प्रभारी सदस्य लक्ष्मी पति राजू, एकांश बंछोर, सीजू एन्थोनी, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, आदित्य सिंह, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुर सहित आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### लोन दिलाने के नाम पर 20 लाख की ठगी

**भिलाई।** व्यापार के लिए महिला समूहों को लोन दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। मामले में सुपेला पुलिस ने माया सोनी की शिकायत पर कृष्णा नगर निवासी मंजू सोनी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मंजू मार्केटिंग का काम करती थी। महिलाओं को सशक्त करने एवं व्यावसायिक दक्षता एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्माल फाइनेंस बैंकों के माध्यम से समूह लोन की योजना के अन्तर्गत आसान किश्तों में लोन दिलाने का प्रलोभन दिया। अलग-अलग समूह बनाकर महिलाओं को ग्राम शक्ति बैंक, बंधन बैंक, सूर्योदय बैंक, आशीर्वाद बैंक, ईशाख बैंक, सुभ्रा बैंक, सत्सा बैंक से लोन पास करवाकर पैसा निकलवा कर अपने घर कृष्णा नगर सुपेला में बुलवाकर महिलाओं के पूर्व से संचालित बैंक खाते में लोन की रकम आ जाने पर उन्हीं महिलाओं को षड्यंत्र पूर्वक अन्य प्रलोभन देकर उनके खाते में आई लोन रकम में से लगभग 80 प्रतिशत रकम नगद में निकलवाकर रख लेती थी। लगभग सात माह तक किश्तों का भुगतान करवाती थी। इस प्रकार मिले पैसों का भुगतान न कर खुद रखने लगी। इस प्रकार 20 लाख रुपए की गड़बड़ी की गई। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल कर्मचारी संघ की बैठक में प्रहलाद को बनाया अध्यक्ष

**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल कर्मचारी संघ भिलाई की बैठक मंगलवार को दशहरा मैदान रिसाली में आयोजित की गई। जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें प्रहलाद साहू को निर्विरोध अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। साथ ही संरक्षक रोहतास सिंह, आरसी पाल, सलाहकार शंकर लाल साहू, ओमप्रकाश सरोज, उपाध्यक्ष प्रदीप सागर, सचिव सैय्यद शमीम, सह सचिव गणेश शर्मा, कोषाध्यक्ष भागवत राम यदु, उप कोषाध्यक्ष कुंजबिहारी यादव, संगठन सचिव दिव्यानंद गंजीर, सह सचिव नवीन कुमार, प्रचार-प्रसार सचिव अजित कुमार साहू, सह सचिव अशोक कुमार, कार्यकारिणी सदस्य रामकृपाल सरोज, घनश्याम वर्मा, अजय मस्के को सर्वसम्मति से पदाधिकारी बनाया गया है। बैठक में चेतन कुमार, नारायण नाग, सुभाष लाल और गोवर्धन द्विवेदी विशेष रुप से उपस्थित थे।

## टारफील्टिंग कार्य नहीं होने से बढ़ी रहवासियों की चिंता

# बारिश के दौरान सीपेज की चपेट में होंगे टाउनशिप के हजारों क्वार्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी टाउनशिप के वर्षों पुराने सैकड़ों आवासों में रहवासियों को बारिश में फिर सीपेज की समस्या का सामना करना पड़ेगा। इन दिनों हो रही बमौसम बारिशस से कुछ मकानों में समस्या शुरु भी हो गई है। मानसून के पूर्व अब तक मकानों की छत पर टारफील्टिंग बिछाने का काम शुरु नहीं किए जाने से बीएसपी कर्मियों चिंता बढ़ गई है। यूनियनों द्वारा प्रबंधन से जल्द समस्या के निदान की मांग की गई है।

टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में स्थित मकानों में पिछले एक डेढ़ दशक से सीपेज की समस्या लाइलाज बनी हुई है। टाउनशिप में 35 हजार क्वार्टर हैं, जिनमें हजारों मकानों में बरसात के मौसम में सीपेज की समस्या होती है. बीएसपी क्वार्टर पचास साठ साल पुराने होने के कारण जर्जर स्थिति में हैं। छत के चारों ओर का हिस्सा और दीवारों के प्लास्टर उखड़ने के कारण हर साल बरसात के मौसम में मकानों के अंदर सीपेज की विकट समस्या से रहवासियों को कई तरह की परेशानियां होती है। इस दौरान कर्मियों की लगातार शिकायतों, यूनियनों और जन प्रतिनिधियों की मांग के बाद भी प्रबंधन द्वारा समस्याग्रस्त सबी आवासों में अब तक टारफील्टिंग नहीं किया गया है। इस साल भी बरसात का मौसम पंद्रह दिन से कम बचा है। अभी से प्री मानसून बारिश के चलते कई घरों में टारफील्टिंग कार्य शुरु नहीं किए जाने से सीपेज की हल्की समस्या शुरु हो गई है। यूनियनों ने बताया कि पिछले दस पंद्रह साल से हर साल बारिश पूर्व नगर सेवाएं विभाग से सभी तीमंजिला और सिंगल स्टोरी आवासीय ब्लाकों में टारफील्टिंग कराने की मांग की जाती है। लेकिन विभाग ठेकेदार के माध्यम से खानापूर्ति के लिए कुछ मकानों में टारफील्टिंग कार्य करवाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है। रहवासी बीएसपी कर्मियों और परिवार को बारिश में चार महीने उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। रहवासी अंदर पानी टपकने और सामान आदि खराब होने के समस्या से परेशान होते हैं। सीटू, इंटक, बीएमएस यूनियनों के साथ विधायक देवेंद्र यादव ने भी प्रबंधन से सभी आवासों में सीपेज की समस्या के निदान के लिए जल्द टारफील्टिंग कार्य कराने की मांग की है।

### यूनियनों ने बीएसपी प्रबंधन से की जल्द समस्या के निदान की मांग

**खास बातें**

- चार महीने मकानों के अंदर बूंद बूंद टपकता है पानी
- खराब होते हैं खाने पीने के सामान
- सीलन की समस्या से सर्दी जुकाम की शिकायत



### सीपेज से रहवासियों को चौतरफा होती है परेशानी

टाउनशप के बीएसपी क्वार्टरों में बारिश के मौसम दौरान सीपेज की समस्या से रहवासियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दो घंटे की तेज बारिश होने से घरों में सीपेज और सीलन की समस्या शुरु हो जाती है। छत और दीवारों से पानी बूंद बूंद टपकता और झरता है। रहवासियों ने बताया की कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का निदान नही किया गया है। दीवारें 4 महीने गीली व चिपचिपी रहती हैं। सीपेज का पानी रहवासियों पर तो टपकता ही है, घरों मे रखा खाने पीने का सामान, कपड़े,कांपी किताबों और जरुरी दस्तावेज भी भीगकर खराब हो जाते हैं। साथ ही रहवासियों को लगातार सीलने व सीपेज से सर्दी, खांसी और जुकाम आदि की शिकायत बनी रहती है।

### पचास साल पुराने जर्जर हो चुके आवास

हर साल वर्षा के मौसम में चार महीने सीपेज की समस्या का कारण क्वार्टरों की वर्षों पुराना व जर्जर होना है। सभी सेक्टरों के क्वार्टर साठ और सत्तर के दशक के बने हुए हैं। नियमित मरम्मत नहीं होने से हजारों मकान जर्जर और सैकड़ों अनफिट हैं। श्रमिक संगठनों ने बताया कि छत व दीवारें, स्लैब आदि के प्लास्टर व सरिया उखड़ चुके हैं। तेज बारिश होने पर पानी छत पर जमा होकर अंदर रिसकर कमरों, बाथरुम,किचन, टायलेट और बिस्तर पर टपकता रहता है। इस दौरान कामकाज, बच्चों की पढ़ाई, खाना पकाने और नींद के दौरान भारी तकलीफ होती है। महीनों सीलने व सीपेज से बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या भी बनी रहती है।

# टाउनशिप के हर वार्ड में वाटर एटीएम की दरकार




हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप में गर्मी के मौसम में बढ़ रही पेयजल किल्लत की समस्या के चलते सभी सेक्टरों के सभी वार्डों में वाटर एटीएम लगाने की मांग जोर पकड़ रही है। नगर निगम द्वारा सेक्टरों के चौकों और सार्वजनिक स्थलों पर यह सुविधा जल्द उपलब्ध कराने की दरकार है। पार्षदों ने नगर निगम अधिकारियों से वाटर एटीएम लगवाने की मांग की है।

- पेयजल किल्लत से मिलेगी राहत, पार्षदों ने नगर निगम से की मांग

उल्लेखनीय है कि पिछले डेढ़ दो महीने से टाउनशिप के कई क्षेत्रों में पेयजल किल्लत से लोगों को जूझना पड़ रहा है। सेक्टर 6 और 7 आदि कई सेक्टरों के कुछ क्षेत्रों में बीच बीच में गंदे पानी की आपूर्ति भी होती रहती है। तिमंजिला ब्लाकों के ऊपरी माले के क्वार्टरों में पानी नहीं चढ़ने से नलों में पानी की धार कम होती है। रहवासियों को नीचे के आवासो के लोगों से बाल्टी दो बाल्टी मांग कर गुजारा करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए सभी सेक्टरों में वाटर एटीएम लगाने की मांग नगर निगम से की जा रही है,ताकि लोगों को राहत मिल सके। क्षेत्रवासियों ने बताया कि अभी कुछ सेक्टरों में में ही वार्ड के कुछ पार्षदों ने लोगों की पेयजल दिक्कत को देखते हुए अपने प्रभाव से वाटर एटीएम लगवाए हैं। सेक्टर 6 डाकतार कालोनी के पास, सेक्टर 7 मार्केट व सेक्टर 5 आदि कुछ वार्डों में ही नगर निगम द्वारा वाटर एटीएम लगाया गया है। पार्षदों व क्षेत्रवासियों ने बताया कि हर साल गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत को देखते हुए हर वार्ड में नगर निगम भिलाई द्वारा वाटर एटीएम लगाए जाने की जरुरत है। इसकी मांग कई बार पार्षदों व पार्षदों द्वारा भी निगम से की जा चुकी है। कई वार्डों में वाटर एटीएम लगाए जाने के प्रस्ताव एमआईसी में लंबित हैं । टाउनशिप में नगर निगम भिलाई और रिसाली निगम के पचास से अधिक वार्ड आते हैं। गर्मी में पानी की ज्यादातर समस्या तीनमंजिला मकानों में है।

### मोटर पंप से खींच रहे पानी

टाउनशिप मे पेयजल किल्लत की समस्या की वजह क्वार्टरों में दोनों टाइम पानी के बजाए सिर्फ एक ही टाइम पानी दिया जाना है। इस पर वाटर सप्लाइ लाइन वर्षों पुरानी होने से भी ऊपरी माले के क्वार्टरों में पानी नहीं चढ़ने की समस्या हर साल गर्मी में होती है। इसके साथ ही पेयजल की एक बड़ा कारण नीचे स्थित आवासों के लोगों द्वारा मोटर पंप लगाकर पानी खींच लेना है। इस कारण भी दूसरे और तीसरे माले के मकानों और नीचे आजू बाजू के आवासों में भी नलों में पानी की धार धीमी होती है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि महीनेभर पूर्व बिजली विभाग द्वारा सुबह जलापूर्ति के समय बिजली बंद रखी जा रही थी। लेकिन कुछ दिनों बाद फिर बहाल हो जाने से लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

## वित्त वर्ष में कब्जाधारियों से 786 बीएसपी आवासों को कराया मुक्त

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा अवैध कब्जेधारियों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी । वित्त वर्ष में नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग ने संपदा



न्यायालय के द्वारा पारित 323 डिक्री आदेशों के पालन मे 784 बीएसपी आवास और दर्जनों भूमि से कब्जे को हटाने की रिकोर्ड कार्यवाही की है। 784 बीएसपी आवास अवैध कब्जेधारियों से खाली कराए गए। संबंधित आवासों में विद्युत विच्छेदन भी किया गया। संपदा न्यायालय द्वारा पारित 323 डिक्री आदेशों का क्रियान्वयन कार्यपालक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस बल की उपस्थिति में कराया गया। दो एकड़ जमीन भी कब्जेधारियों से मुक्त कराई गई। इसके अलावा 660 अनफिट घोषित बीएसपी क्वार्टर इन आवासों के विद्युत कनेक्शन विच्छेद के साथ उन्हें आंशिक रूप से ध्वस्त भी किया गया। अभियान के तहत सड़कों के किनारे व सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रुप से लगाए गए 225 से अधिक ठेलों को जब्त किया गया।

## चार लेबर कोड के खिलाफ यूनियनें एकजुट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

केंद्र सरकार द्वारा लागू चार लेबर कोड को लेकर औद्योगिक क्षेत्र के श्रमिक वर्ग में असंतोष बढ़ रहा है। ट्रेड यूनियनों द्वारा इसे मेहनतकशों के हितों पर कुठाराघात बताते हुए खिलाफ में श्रमिकों को एकजुट किया जा रहा है। चारों नई श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग को लेकर 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया गया है। पिछले लंबे समय से देश में चार लेबर कोड के विरोध के बीच सरकार द्वारा देश में नई श्रम संहिताओं को 1 अप्रेल से लागू किए जाने की घोषणा की गई थी। लेकिन कुछ राज्यों व यूनियनों के विरोध के चलते निकट भविष्य के लिए इसे लंबित रखा गया है। संयुक्त यूनियन के मुताबिक कि केंद्र सरकार लगातार कामगार वर्ग पर हमला कर रही है। 29 श्रम कानून को खत्म करके चार श्रम संहिताओं को बनाया गया है। इसके लागू होने से कर्मी धीरे-धीरे गुलामी की तरफ चल जायेंगे। सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि लेबर कोड से स्टैंडिंग आर्डर अपने आप खत्म हो जाएगा। यूनियनों के मुताबिक लेबर कोड लागू होने से सेल समझौता भी टल सकता है। नए श्रम संहिताओं के अनुसार 300 से कम कर्मियों वाले फैक्ट्री पर श्रम कानून लागू नहीं होगा। भिलाई इस्पात संयंत्र में 40 फैक्ट्रियां हैं । इनमें से अधिकांश विभाग ऐसे हैं, जहां 300 से कम स्थाई कर्मी कार्यरत हैं । ऐसी स्थिति में उन विभागों में कार्यरत कर्मियों पर श्रम कानून का स्थाई आदेश लागू ही नहीं होगा।

### बारह घंटे काम करने का अंदेशा

केंद्र सरकार 8 घंटे के काम के अधिकार को छीनकर काम के घंटे 12 करना चाहती है। जबकि पूरे विश्व में काम के घंटे 8 से घटाकर 6 घंटे करने एवं सप्ताह में कार्य दिवस 5 दिन करवाने के लिए संघर्ष जारी है। सीटू के मुताबिक श्रम कानून पर हो रहे हमले के खिलाफ जुलाई में होने वाली देशव्यापी हड़ताल में सार्वजनिक उद्योग निजी उद्योग सहित अस्थाई श्रमिक एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक भाग लेंगे। मजदूर जान चुके हैं कि एक बार यदि यह श्रम संहिताए लागू हो गई तो मजदूर को गुलामी के जंजीरों में जकड़ना शुरू कर देगी। आम जन के चहल पहल वाले स्थान यानी रेलवे स्टेशन अस्पताल आदि को छोड़कर रात्रि पाली में महिलाओं से काम लेना पूरी तरह से प्रतिबंधित है यह केवल और केवल महिलाओं के सुरक्षा को लेकर बनाए गए कानून है किंतु इस नए श्रम संहिताओं के आने से वह सारी बंदिशे खत्म हो जाएगी क्योंकि निजी उद्योग के मालिक चाहते हैं कि उन्हें महिलाएं रात्रि पाली में भी उपलब्ध रहे।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## अवैध कब्जा हटाने नगर निगम ने दिया नोटिस

# बारिश से निपटने आयुक्त, पार्षद, जोन आयुक्त ने किया संयुक्त निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वैशाली नगर जोन क्रमांक 2 क्षेत्र में बरसात के समय जल भराव की स्थिति निर्मित न हो, इसको रोकने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, वार्ड पार्षद, जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी को लेकर ऐसे जगहों पर जाकर निरीक्षण किए। जहां से जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। इसकी शुरूवात सुपेला गदा चौंक पर स्थित बड़े नाले का निरीक्षण करने से ज्ञात हुआ कि उस पर अवैध कब्जा करके उसे रोक दिया गया है। पानी निकासी का रास्ता आगे जाकर बंद हो गया है। थोड़ा भी बरसात होता है, तो गदा चौंक से वैशाली नगर, अवंती बाई चौंक, सुपेला बाजार इंदिरा नगर क्षेत्र में जल भराव हो जाता है। वहां पर गैंग लगाकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

- साफ कराने के लिए आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को किया निर्देशित



एम.आई.सी सदस्य केशव चौबे, पार्षद महेश वर्मा, अभिषेक मिश्रा संयुक्त रूप से गदा चौंक से मुरम खदान बस्ती क्षेत्र में निरीक्षण करने पर पता चला कि बड़े नाले के उपर अब्दुल कलाम खान, नूर पोल्ट्री फार्म के द्वारा अवैध निर्माण कर लिया गया है। जिसके कारण पानी का निकासी आगे नहीं हो पा रहा है। उन्हे स्वयं से अवैध कब्जा हटाने के लिए 3 दिवस का नोटिस दिया गया है। नहीं हटाने पर निगम द्वारा नियमानुसार तोड़फोड़ की कार्यवाही की जावेगी। कुछ लोगो के अवैध कब्जे से नाले का पूरा पानी जाम हो जाता है। इसी प्रकार वार्ड 14 शांति नगर के निचली बस्ती इंदू आई.टी.आई का निरीक्षण भीगते पानी में किया गया। नाले के उपर गिरकर फंस जाने के कारण पानी में रूकावट हो गया था, उसे तत्काल हटवाया गया। जो भी नाले के उपर अवैध कब्जे है, जहां से पानी जमा होने की संभावना है, उन सभी जगहो को साफ कराने के लिए आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किया। यह बात का भी ध्यान रखा जाए, जो भी मलवा निकले उसे तुरंत वहां से हटाया जाए। नहीं तो वहीं मलवा बरसात होते ही नाली में जाकर जाम कर देता है।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 28 मई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129






सूटिंग का फैशन

## लाइव इवेंट

### दिव्यांग क्रिकेट : मेक इन इंडिया ने सात विकेट से जीता मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्व. अटल बिहारी वाजपेई मेमोरियल ट्रॉफी दिव्यांग टी-20 प्रतियोगिता के अंतर्गत मेक इन इंडिया और विकसित इंडिया के बीच मैच खेला गया। मैच मेक इन इंडिया ने सात विकेट से जीता। मैन ऑफ़ द मैच रोहित सिसोदिया रहे। टॉस मेक इन इंडिया ने जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। विकसित इंडिया ने 15 ओवर में 9 विकेट पर 99 रन बनाए। इसमें अनिल चोकर ने 17 रन, कप्तान विक्रांत कोरी ने 14 रन बनाए। मेक इन इंडिया की तरफ से गेंदबाजी करते हुए रोहित सिसोदिया ने तीन विकेट लिए। कप्तान विक्टर ने दो विकेट, मिथुन, अमीन भुमबक एवं अवतार भुल्लर ने एक-एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। जवाब में बैटिंग करने उतरी मेक इन इंडिया की टीम ने 12.3 ओवर में तीन विकेट पर 105 बनाए। इस अवसर धीरज एवं संजय भोस्कर उपस्थित थे। कॉमेंटेटर मनमद राव थे।

#### राइज इंडिया ने 7 विकेट से जीता मैच

एक अन्य मैच स्टार्टअप इंडिया और राइज इंडिया के बीच हुआ। राइज इंडिया ने 7 विकेट से मैच जीता। टॉस स्टार्टअप इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 13.4 ओवर में 72 रन बनाए। राइज इंडिया ने महज 8.4 ओवरों में तीन विकेट खोकर निर्धारित लक्ष्य पा लिया।प्लेयर ऑफ द मैच जसवंत सिंह रहे। दूसरा मैच डिजिटल इंडिया विरुद्ध विजन इंडिया के बीच हुआ। विजन इंडिया ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण किया। डिजिटल इंडिया ने बल्लेबाजी करते हुए 8.1 ओवर में दो विकेट पर 66 रन बनाए थे। इस दौरान बारिश हो गई। मैच रोकना पड़ा।



## सिटी इवेंट

### नयापारा में देवी जसगीत प्रतियोगिता, 15 से ज्यादा मंडलियों ने दी प्रस्तुति



**दुर्ग।** शिवशंकर आदर्श सेवा समिति नयापारा में दो दिवसीय और नव हिंद आजाद सांस्कृतिक सेवा समिति बांसपारा में 3 दिवसीय सेवा जसगीत प्रतियोगिता के आयोजन किया गया। आयोजन में शहर विधायक गजेन्द्र यादव प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस दौरान जसगीत मंडलियो द्वारा जीवंत झांकी का प्रदर्शन किया। यादव ने कहा कि शहर की धार्मिक समितियों द्वारा आयोजित जसगायन एवं झांकी प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिला। जसगीत, देवी की पूजा और आराधना का एक सशक्त माध्यम है, इससे हमारी भक्ति और आस्था को बढ़ावा मिलता है। साथ ही छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। देवी जसगीत एक पारंपरिक लोक कला है, जो देवी-देवताओं की स्तुति में गाए जाते हैं। इनका महत्व सांस्कृतिक और धार्मिक दोनों स्तरों पर है, क्योंकि ये देवी-देवताओं की शक्ति और महिमा का प्रदर्शन करते हैं। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य मनीष साहू, लीलाधर पाल, पार्षद गोविन्द देवांगन, मनीष कोठारी, पार्षद ममता सेन, संतोष शर्मा, रामलोचन तिवारी, सौरभ देवांगन, जागेश्वर साहू, मंजीत कुम्भकार, अशोक राठी आदि मौजूद थे।

### यादव समाज के दोबारा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह



**भिलाई।** युवा यादव कल्याण परिषद का चुनाव संपन्न हु। इसमें चुनाव अधिकारी राजेंद्र यादव थे। इसमें पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव को सर्वसम्मति से आगामी 3 साल के लिए फिर से अध्यक्ष चुना गया। उन्हें सर्व सम्मति से अधिकार दिया गया कि अपने कार्यकारिणी का विस्तार संरक्षकगण से विचार विमर्श कर करें। जनरल बॉडी मीटिंग में मुख्य रूप से संरक्षक धर्मेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, डॉ. सुरेश यादव, रामलाल चौधरी, गिरीश यादव, राज नारायण यादव, अखिलेश यादव, महिला विंग की अध्यक्ष शकुंतला यादव, शांति यादव, पूनम चौधरी आदि उपस्थित थे।

● एक राष्ट्र एक चुनाव पर साइंस कॉलेज में कार्यशाला, बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय हुईं शामिल

# तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहें ना रहें...इस जज्बे के साथ करते हैं काम, यही आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना

वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर साइंस कॉलेस में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय प्रमुख रूप से मौजूद थीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने कहा कि तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें ना रहें की सोच के साथ हमारे कार्यकर्ता काम करते हैं। यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की परिकल्पना है। इससे ही हमारा देश मजबूती की राह पर चल पड़ा है। वन नेशन वन इलेक्शन के होने से देश की आर्थिक उन्नति का मार्ग और सुदृढ़ होगा। इस विचार गोष्ठी में शहर विधायक गजेंद्र यादव, वक्ता डॉ. शकील हुसैन, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर अल्का बाघमार, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर प्रमुख रूप से मौजूद थे।




**दुर्ग।** भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा कि राष्ट्र में एक चुनाव हो इसकी कल्पना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में एक देश एक चुनाव करवाने का प्रयास कर रहे हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव क्यों आवश्यक है, इससे देश और देश की जनता को क्या फायदा है। एक राष्ट्र एक चुनाव जो देश हित में लाभकारी है को लागू करने अपना समर्थन देना है।

हर वर्ष किसी न किसी प्रकार के चुनाव जनता के बीच होते रहते हैं, जिसको लेकर विभिन्न शासकीय कर्मचारियों को जिम्मेदारियों के लिए लगाना विभिन्न तैयारियां करना, साथ ही समय और धन व्यय करना। यह राष्ट्र विकास में बाधक होता है। इसलिए इसे राष्ट्र विचार बनाना आवश्यक है। हम उस पार्टी के कार्यकर्ता हैं जो राष्ट्रवाद की भावना से प्रेरित होकर कार्य करती है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इस बात का ध्यान रखते हुए कार्य करता है मां तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहें ना रहें और प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन पूरा करने में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। आज देश में हमारी सरकार है। जनता की मंशा को जानने हेतु जगह-जगह विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। आप आम जनमानस के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक संगठन उद्योग संगठन चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित अपनी सहभागिता निश्चित कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला संयोजक राजेंद्र पाध्ये, उषा टावरी, माया बेलचंदन, अशोक राठी, दीपक चोपड़ा, शिवेंद्र परिहार सहित चेंबर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद थे।



### लोकसभा के साथ राज्यों में होंगे विधानसभा चुनाव

साइंस कॉलेज विभाग अध्यक्ष राजनीति विज्ञान के डॉ शकील हुसैन ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव की संकल्पना आसान नहीं है। निर्वाचन आयोग की इसमें भूमिका सबसे अहम है। लोकसभा चुनावों के साथ साथ ही सभी राज्यों में विधानसभा चुनाव साथ ही किया जाएगा, चाहे फिर किसी राज्य में सरकार का समय साल दो साल या तीन साल ही क्यों ना बचा हो। लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव संपन्न होंगे, जिससे हम एक राष्ट्र एक चुनाव का क्रम बना कर उसे सुचारू रूप से करवाने में सक्षम हो सकेंगे। उसके साथ ही पूरे देश के चुनाव में एक मतदाता सूची का उपयोग होगा, ना कि विधानसभा और लोकसभा की मतदाता सूची अलग-अलग होगी। एक चुनाव में लगभग 4500 करोड़ रुपए का खर्च आता है। विधानसभाओं के चुनाव में भी भारी भरकम खर्च आता है, यदि एक राष्ट्र एक चुनाव होता है तो राज्यों के चुनाव में होने वाले अतिरिक्त खर्च को नियंत्रित कर उसके माध्यम से होने वाले व्यय और समय की बरबादी से बचा जा सकेगा। स्वीडन , बेल्जियम, जर्मनी, फिलीपींस, इंडोनेशिया सहित अन्य कई राष्ट्रों में एक साथ चुनाव होते हैं।

### बार-बार चुनाव से रुकते हैं विकास कार्यः गजेंद्र

गजेंद्र यादव ने कहा कि देश में बार-बार होने वाले चुनावों से विकास कार्य रुकते हैं, जबकि एक साथ चुनाव होने से विकास की गति तेज होगी और जनता के हित में बेहतर निर्णय लिए जा सकेंगे। विधायक गजेन्द्र यादव ने अपील की कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव का समर्थन करें। एक चुनाव की आचार संहिता कई महीने चलती है। इस दौरान चुनाव के निर्देश पर पूरा प्रशासनिक अमला और सुरक्षाकर्मी व्यस्त रहते हैं। बार बार होने वाले चुनाव में शासन का हजारों करोड़ खर्च होते हैं, देश में एक साथ चुनाव होने सरकार का समय और करोड़ों की राशि की बचत होगी जिसे देश के विकास में लगाया जा सकेगा।



## सर्वश्रेष्ठ स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर राज्यपाल के हाथों सम्मानित

**दुर्ग।** राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में स्काउट्स और गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल ने राज्य के सर्वश्रेष्ठ स्काउटर, गाइडर, रोवर, रेंजर, एवं स्काउट-गाइड को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या को देखते हुए प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबकी सबसे बड़ी जवाबदारी है। स्काउट्स एवं गाइड्स को इसमें अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम पर लगाने और दोस्तों एवं परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने को कहा।




राज्यपाल ने सम्मान प्राप्त होने पर स्काउट्स एवं गाइड्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स अपने आदर्श वाक्य तैयार हो के अनुरूप हमेशा अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी के साथ देश और समाज की मदद हेतु तत्पर रहते हैं। देश के युवाओं को अच्छे नागरिक बनने, आत्मनिर्माण करने और सेवा कार्य हेतु सदा तैयार रहने की प्रेरणा देते हैं। आज भारत के युवा, अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उसी दिशा में कदम बढ़ाते हैं जहां उन्हें अपना करियर बनाना है। उसके लिए कठिन परिश्रम और लगन के साथ समय प्रबंधन बहुत जरूरी है।

अगर एक बार, दो बार अपने लक्ष्य से चूक भी गए तो निराश मत हो बल्कि उन असफलताओं और पिछले अनुभवों से सीख कर आगे बढ़ें। हार नहीं मानते हुए पुनः अपने आप को तैयार करें और लक्ष्य की ओर बढ़ें, सफलता जरूर मिलेगी। अनुशासन, दृढ़ संकल्प और स्वयं पर विश्वास, सफलता की ओर ले जाता है। कार्यक्रम में राज्य उपाध्यक्ष सुनीता संजय बोहरा, जिलाध्यक्ष अशोक देशमुख, आयुक्त जीत यादव, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## भारतीय सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा, सांसद बोले-आर्मी सेना का गौरव

**भिलाई।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के सम्मान में भिलाई-चरोदा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। बीजेपी चरोदा मंडल द्वारा आयोजित इस रैली में सांसद विजय बघेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर के नेतृत्व में यह तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, प्रेमलाल साहू, विजेंद्र सिंह, पूर्व महापौर चंद्रकांता मांडले, शशिकांत बघेल, सीता साहू, खिलावन साहू सहित अन्य मौजूद थे। बघेल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना ने अपना बहादुरी दिखाई। देशवासियों को गौरान्वित किया। कार्यक्रम का संचालन जी रामा रेड्डी ने किया। आभार प्रदर्शन परमजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर उप नेता प्रतिपक्ष चंद्र प्रकाश पांडेय, राजेश मौर्य, वेद प्रकाश पांडे, डी वेंकट, प्रसून बनर्जी, प्रमिला टांडी, पुष्प लता मंडपे सहित अन्य मौजूद थे।



### देश के पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

## देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान पूर्व पीएम पं. नेहरू का, जिनकी सोच से देश इस दिशा में आगे बढ़ रहा

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की 61 पुण्यतिथि पर नेहरू भवन सुपेला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी और कांग्रेस नेता बड़ी संख्या में मौजूद थे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने में नेहरू की सोच अहम है। आज जो देश में हम विकास कार्य देख रहे हैं, उनके पीछे नेहरू के साहसिक निर्णय हैं। उन्हीं के कारण आज भारत में वैज्ञानिक क्षेत्र में हम सफलता अर्जित कर रहे हैं। किसान से लेकर समाज के गरीब वर्ग को संरक्षण के साथ देश की एकता और अखंडता के लिए उन्होंने अपना जीवन देश को अर्पित कर दिया। देश में चौमुखी विकास के नेहरू का योगदान है। कार्यक्रम में अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व राज्यमंत्री बीडी कुरैशी, पूर्व साडा उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, नंदकुमार कश्यप, नीता लोधी, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, केशव चौबे सहित अन्य मौजूद थे।



### शहर के अलग-अलग हिस्सों में मनाई गई पुण्यतिथि

इस अवसर पर कांग्रेस ने शहर के अलग-अलग हिस्सों में देश के पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्य तिथि मनाई। विशेष रूप से उन जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां उनकी प्रतिमा स्थापित है। मुख्य रूप से पं. जवाहर लाल नेहरू हॉस्पिटल सेक्टर 9, नेहरू चौक में कार्यक्रम आयोजित किए गए। दुर्ग में भी कार्यक्रम हुए। नेहरू स्कूल, राजीव भवन में उनकी पुण्य तिथि पर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस नेता और पदाधिकारी शामिल हुए।

### लौह नगरी देश के इस महान सपूत की देन

मुकेश चंद्राकर ने कहा कि लौह नगर भिलाई युगदृष्टा जवाहरलाल नेहरू की देन है। उनकी सोच और प्रयास के कारण ही इस्पात संयंत्र भिलाई में स्थापित हो पाया, जो आगे चलकर भारतीय अर्थव्यवस्था का मूल आधार बना। भिलाई आज मिनी इंडिया कहलाता है। चंद्राकर ने उनके पदचिन्हों और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करना, राष्ट्र और संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को स्थायी भाव प्रदान करना और योजनाओं के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को सुचारू करना ही नेहरू जी का मुख्य उद्देश्य था।

### विश्व शांति के अग्रदूत के रूप में दुनिया में पहचान

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता एवं विश्व शांति के अग्रदूत के रूप में पं. जवाहरलाल नेहरु का नाम सदैव इतिहास में अमर रहेगा। नेहरू भारतीय राजनीति के मुख्य केंद्र बिंदु थे। वे आधुनिक भारत के रचयिता थे। नेहरू नवीन भारत के अपने स्वप्न को साकार किया। नेहरू ने भारत देश को आर्थिक समाजिक और राजनीतिक दृष्टि से उन्नत करने का महान कार्य किया, जिसे ये देश कभी नहीं भूल सकता।

## सिटी इवेंट

# शैक्षिक विश्लेषण सोशियोलाजी ऑफ एजुकेशन पुस्तक का हुआ विमोचन



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश एवं डॉ. मोनिया राकेश सिंह की पुस्तक सोशियोलॉजी ऑफ एजुकेशन का विमोचन डॉ संजय तिवारी कुलपति, हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने प्राध्यापक को बधाई दी। डॉ रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि सोशियोलॉजी ऑफ एज्युकेशन में शैक्षिक व्यवस्था का आलोचनात्मक विश्लेषण कर बताया गया है। जिसमें बताया गया है कि कैसे शिक्षा प्रणालियां सामाजिक संरचानाओं को मजबूत करने और उनको चुनौती भी दे सकती हैं। वे सामाजिक समानता को बनाए रखने या चुनौती देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। शिक्षा, समाज का एक दर्पण भी है, जो मौजूदा सामाजिक असमानता की झलक दिखाता है, और यह सामाजिक बदलाव को भी प्रेरित कर सकती है।इस अवसर पर डॉ सोमाली गुप्ता प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा, डॉ. एस एम. घोष एम डी श्री अरबिन्दो योग एंड नॉलेज फाउंडेशन सहित महाविद्यालय के सभी स्टॉफ उपस्थित थे।



## समाज इवेंट

# श्री राम सिंधी पंचायत वैशाली नगर में नई कार्यकारिणी घोषित




**भिलाई।** श्री राम सिंधी पंचायत वैशाली नगर में चुनाव कर नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष दिलीप पवानी को बनाया गाया। श्री राम सिंधी पंचायत वैशाली नगर की नई कार्यकारिणी समिति में संरक्षक दयाराम बत्रा, भीमसेन सेतपाल, विशेष सलाहकार प्रतापराय शिवानी, शिवन दास रiमानी, ओम प्रकाश खेमानी, अध्यक्ष दिलीप पवानी, उपाध्यक्ष धरमदास बत्रा, मनोहर लाल थदानी, अनिल पोपटानी, रामचद्र चगानी, रमेश कुमार पवानी, सचिव हेमंत अंबानी, कोषाध्यक्ष जयराम दास गहानी, मीडिया प्रभारी मनोहर कृष्णानी, सोशल मीडिया प्रभारी मयंक वीरवानी, विकास होतवानी, सागर जसवानी, सह सचिव मोहन कुकरेजा, राहुल चेलानी, कार्यकारिणी समिति में विक्की गेहानी, डॉ हेमन्त अंबवानी, विकास होतवानी, दीपक रावलानी, मनीष छुट्टानी, गोपीराज पलानी को जिम्मेंदारी दी गई है। मीडिया प्रभारी मनोहर कृष्णानी ने जानकारी देते हुए बताया कि सिंधी पंचायत वैशाली नगर में समिति के साथ ही अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए युवा मंडल के कार्यकर्ताओं की समिति भी बनाई गई है।

- **श्रीराम सिंधी पंचायत वैशालीनगर के अध्यक्ष बने दिलीप**

## लाइव इवेंट

# शक्ति के रंग योग के संग, 11 दिवसीय ऑनलाइन योग कल से

**भिलाई।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेक्टर 7 स्थित राजयोग भवन द्वारा बच्चों के लिए विशेष 11 दिवसीय ऑनलाइन योग महोत्सव का आयोजन निशुल्क किया जा रहा है। शक्ति के रंग, योग के संग यह महोत्सव 29 मई से प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से ऑनलाइन प्रारंभ होगा। इस आयोजन में कक्षा 8वीं तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। प्रतिदिन का यह सत्र लगभग 40 मिनट का होगा, जिसमें बच्चों को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक एकाग्रता और आंतरिक शक्ति को जाग्रत करने के लिए विविध योग आसनों, प्रेरणादायक ऑनलाइन एक्टिविटी, प्राणायाम, राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया जाएगा। इस महोत्सव का उद्देश्य बच्चों को योग और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना, टेक्नोलॉजी का सकारात्मक उपयोग सिखाना और आत्म-परिवर्तन की दिशा में मार्गदर्शन देना है। यह आयोजन न केवल बच्चों को तन-मन से स्वस्थ बनाने की दिशा में एक पहल है, बल्कि उन्हें सकारात्मक ऊर्जा से सफलता और लक्ष्य की ओर अग्रसर करने का सशक्त माध्यम भी है। अधिक जानकारी एवं ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए अभिभावक अपने बच्चों के साथ राजयोग भवन, सेक्टर 7, भिलाई में आकर निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए बच्चे का नाम, कक्षा, पता मोबाइल नंबर देना होगा।



- **प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेक्टर 7 द्वारा नि:शुल्क आयोजन**



● शनि जन्मोत्सव पर प्राचीन शनि मंदिर गंजपारा में हुआ आयोजन

# न्याय के देवता का हुआ अभिषेक, 51 किलो पंजीरी और 108 किलो लड्डू का लगाया भोग, झूमे भक्त

**दुर्ग-भिलाई। ट्विनसिटी में ज्येष्ठ अमावस्या तिथि के अवसर पर न्याय के देवता शनि देव की जयंती महोत्सव पूरे भक्ति भाव के साथ मनाई गई। शहर के शनि मंदिरों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं शनि मंदिरों पर शनि देव का विशेष अभिषेक हुआ। दुर्ग-भिलाई के सभी शनि मंदिरों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं द्वारा तेल से अभिषेक किया गया। इस अवसर पर प्राचीन शनि मंदिर गंजपारा में 51 किलो धनिया की पंजीरी का प्रसाद चढ़ाया गया। कुछ जगहों पर 56 भोग का प्रसाद तो संतराबाड़ी बुनकर संघ के सामने स्थित मंदिर में 108 लड्डू का भोग चढ़ाया गया। वहीं शाम के समय मंदिरों में भजन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कई लोगों ने शनिदेव जयंती पर उपवास भी रखा। उपवास करने वालों ने विधिपूर्वक पूजा की। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। शनि जयंती पर मंदिरों में सुबह से ही भीड़ रही। सुरक्षा को लेकर मंदिरों पर पुलिस बल तैनात किया गया था।**



## सुबह से देर रात तक होते रहे धार्मिक आयोजन

दुर्ग के गंजपारा स्थित प्राचीन शनि देव मंदिर में शनि देव जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।,इस अवसर पर सुबह से लेकर देर रात्रि तक विभिन्न आयोजन किये गए है। मंदिर के संस्थापक एवं मुख्य पुजारी पं राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि शनि जयंती भगवान शनि का जन्मोत्सव है। शनि भगवान सूर्य के पुत्र हैं और शनि ग्रह और कार्य दिवस शनिवार को नियंत्रित करते हैं। ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को शनि जयंती मनाई जाती है। पुजारी ने बताया कि मंगलवार की सुबह 7 बजे मंदिर परिसर में भगवान शनि देव का महाअभिषेक किया गया। 9 से 11 बजे हवन पूजम पूर्णाहुति कर आरती की गई। दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों धर्मप्रेमियों ने प्रसादी ली। शाम 7 बजे शनि देव जी की 108 दीपों से महाआरती की गयी। आरती के बाद सभी धर्मप्रेमियों को बूंदी एवं धनिया से बनी पंजीरी के प्रसाद का वितरण किया गया शनि जयंती पर विशेष प्रसाद धनिया से बना पंजीरी का प्रसाद 51 किलो बनाया गया था जिसका वितरण किया गया। पण्डित राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि शहर के सभी शनि मंदिरों का उद्भव गंजपारा शनि मंदिर के बाद हुआ, दुर्ग भिलाई में सबसे पहली एवं प्राचीन शनि मंदिर गंजपारा की है जिसमें कई वर्षों से हजारों धर्मप्रेमी मन्दिर आते है।





## मौसमी फलों का लगाया भोग

सेक्टर 6 काली बाड़ी मंदिर में स्थापित शनि देव मंदिर में भी सुबह से विशेष अनुष्ठान आयोजित किये गए। इस दौरान शनि मंदिर के संस्थापक डॉ प्रदीप चौधरी सपत्निक हवन कर पूर्णाहूति दी। मंदिर के पुजारी मानस मिश्रा के सानिध्य में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर महाभोग का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ संध्या चौधरी, डॉ आरती चौधरी, रुपाली पलित, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष स्विटी कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष पुरोषत्तम देवांगन, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजेष बिचपुरिया, दया सिंह, विजय जायसवाल सहित संघ के वरिष्ठ सदस्य सहित अनेक लोगो ने पूजा में शामिल होकर शनि देव का आर्शिवाद लिया।







**पांच पंडितों द्वारा किया अनुष्ठानः** शनैश्वर धाम शनि मंदिर समिति सड़क-33, सेक्टर-6 भिलाई में शनिप्रकट्य महोत्सव के अवसर पर पं रविशंकर मिश्रा के मार्गदर्शन में सुबह गणेश एवं बेदी पूजन, शनिदेव का अभिषेक पूजा, आरती के बाद हवन व पूर्णाहूति दी गई। जिसके बाद दोपहर 1 बजे से महाभोग का वितरण किया गया। शाम 8 बजे से छत्तीसगढ़ी फिल्म गायिका सीमा सिंह द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी गई। हवन व पूर्णाहूति में पूर्व पार्षद संजय दानी, उपासना साहू सहित अनेक जन उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से महेंद्र प्रताप सिंह, रजनीकांत पांडेय, दिनेश जायसवाल, अशोक जैन, योगेंद्र सिंह, अरुण उपाध्याय, राकेश सिंह, नरेश यादव, संतोष सराफ सहित समिति के सदस्य सहयोग में जुटे रहे।

## शनिदेव के जन्मोत्सव पर मंदिरों में दर्शन के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़



शनिदेव जयंती के अवसर पर सिविल लाईन, स्टेशन रोड और गंजपारा स्थित शनिदेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती की गई। इस दौरान दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर अलका बाघमार, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। यहां उन्होने भगवान शनिदेव से शहर की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। शाम को मंदिरों में महाप्रसादी का वितरण किया गया। महाप्रसादी ग्रहण करने श्रद्धालू बड़ी संख्या में जुटे। भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव सिविल लाईन नाना-नानी पार्क के सामने स्थित शनिदेव मंदिर में भव्य महोत्सव के रुप में मनाया गया। स्टेशन रोड स्थित श्री मनोकामना सिद्ध गज केसरी शनि शक्तिधाम में श्री शनिदेव मंदिर में सुबह ब्रम्ह मुहूर्त में शनिदेव की विशेष अभिषेक व पूजा-अर्चना की गई। पंच कुंडीय शनि महायज्ञ किया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर के व्यवस्थापक पं. हितेश शर्मा के अलावा अन्य श्रद्धालु व्यवस्था बनाने में सक्रिय रहे।



महिलाओं ने रखा पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री व्रत

# अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा, 108 बार परिक्रमा कर मांगा वरदान

**दुर्ग।** अखंड सौभाग्य की कामना के लिए महिलाओं न्यू आदर्श नगर गार्डन के साथ ही मिनाक्षी नगर सहित अलग-अलग क्षेत्रों में महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्री की पूजा की और व्रत रखा। मंगलवार को सूर्योदय में अमावस्या तिथि के चलते कई महिलाओं ने आज भी वट सावित्री का व्रत किया। इस अवसर पर महिलाओं ने बरगद के पेड़ के नीचे पूजा अर्चना की और वट सावित्री की कथा सुनी, महिलाओं ने सावित्री सत्यवान की व्रत कथा सुनी। महिलाओं ने मां सावित्री को नये वस्त्र,कई प्रकार के फल-फूल, सिंदूर,चूड़ी देकर वट वृक्ष की परिक्रमा की और वृक्ष पर कलावा बांधा। महिलाओं ने वृक्ष की 108 बार परिक्रमा कर हर बार नैवेद्य अर्पित किया। किसी ने मूंगफली तो किसी ने सिक्का या अन्य सामग्री अर्पित कर और जल देकर मंगल कामना की। इस अवसर पर सरिता ठाकुर, श्वेता बक्शी, ज्योति कन्नौजे, पूनम सिंह, उषा राजपूत, ऋतु गौतम राजपूत के अलावा आदि महिलाएं मौजूद रहें। इस अवसर पर श्वेता बक्शी ने कहा कहा कि सिर्फ वट सावित्री ही नहीं सभी तरह के व्रत और त्योहार हमारी जिंदगी, समाज और राष्ट्र के लिए मायने रखते हैं। आज के समय में जब रिश्ते कमजोर हो रहे हैं तो ये तीज-त्योहार इसे और मजबूती देते हैं। वट सावित्री व्रत पति के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम है। साथ ही व्रत से हम अपनी परंपरा को भी आगे बढ़ाते हैं। सुहाग की लंबी आयु के लिए वट सावित्री व्रत रखा जाता है। व्रत को रखने से मन को शांति भी मिलती है। आने वाली पीढ़ी को भी इस व्रत को करना चाहिए। महिलाओं ने बताया कि सिर्फ वट सावित्री ही नहीं सभी तरह के व्रत और त्योहार हमारी जिंदगी, समाज और राष्ट्र के लिए मायने रखते हैं। आने वाली पीढ़ी यानी बेटे-बेटियां भी जब रिश्तों की इस मजबूती को करीब से महसूस करते हैं तो उन्हें भी इसके मायने समझ आते हैं।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर निबंध और पोस्टर स्पर्धा का 2 जून को आयोजन

**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, भिलाई-दुर्ग द्वारा शालेय विद्यार्थियों के लिए 2 वर्गों में निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। दोनों वर्गों में निबंध प्रतियोगिता का विषय \प्लास्टिक कचरे का पर्यावरण पर दुष्प्रभाव एवं इससे बचने के उपाय\ और पोस्टर प्रतियोगिता का विषय \धरती को प्लास्टिक कचरे के प्रदूषण से बचाएं\ रखा गया है। इस प्रतियोगिताओं में प्रथम वर्ग में कक्षा छठवीं से आठवीं तथा द्वितीय वर्ग में कक्षा नवमी से बारहवीं के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रथम वर्ग के बच्चों के लिए निबंध की शब्द सीमा सात सौ शब्द एवं द्वितीय वर्ग में एक हजार शब्द रखा गया है। पोस्टर एक चौथाई चार्ट पेपर में बनाए जाएंगे। इन प्रतियोगिताओं के लिए विद्यार्थी अपनी प्रविष्टि 2 जून को दोपहर 12 बजे से क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, 5/32 बंगला, भिलाई, जिला दुर्ग में जमा करवा सकते हैं। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण 3 जून को केन्द्रीय विद्यालय, पाँच बिल्डिंग रास्ता, दुर्ग में सुबह 11 बजे आयोजित समारोह में दिया जाएगा।

भारतीय भाषा प्रशिक्षण का तीसरा दिन, मराठी भाषा का चल रहा है प्रशिक्षण

# महाराष्ट्र के पारंपरिक कोली लोक नृत्य और वारली चित्रकला से रूबरू हुए विद्यार्थी, मराठी बोलने व सीखने का कर रहे प्रयास

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में भारतीय भाषा प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत मराठी भाषा का प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को महाराष्ट्र की क्षेत्रीय चित्रकला वारली और कोली नृत्य सिखाते हुए जानकारी दी गई।छात्रों को वारली चित्रकला और कोली नृत्य सीखने के लिए छात्रों में काफी उत्साह देखने को मिला। मंगलवार को क्षेत्रीय वारली चित्रकला और कोली नृत्य का प्रशिक्षण दिया गया। स्कूल की शिक्षिका गीता माली द्वारा मराठी भाषा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने मराठी भाषा की बारीकी को सीखने, बोलने और अभ्यास करने का प्रयत्न किया।



## वारली चित्रकला एक प्राचीन भारतीय कला

ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन महाराष्ट्र चित्रकला के अंतर्गत वारली चित्रकला की जानकारी कला शिक्षिका रचना पाल द्वारा की गई। उन्होंने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि वारली चित्रकला एक प्राचीन भारतीय कला है जो की महाराष्ट्र की एक जनजाति वारली द्वारा बनाई जाती है और यह कला उनके जीवन के मूल सिद्धांतो को प्रस्तुत करती है। इन चित्रों में मुख्यतः फसल पैदावार ऋतु, शादी, उत्सव, जन्म और धार्मिकता को दर्शाया जाता है। यह कला वारली जनजाति के सरल जीवन को भी दर्शाती है। वारली कलाओं के प्रमुख विषयों में शादी का बड़ा स्थान हैं। शादी के चित्रों में देव, पलघाट, पक्षी, पेड़, पुरुष और महिलायें साथ में नाचते हुए दर्शाए जाते है। शादी के चित्रों में देव, पलघाट, पक्षी, पेड़, पुरुष और महिलायें साथ में नाचते हुए दर्शाए जाते है।

## कोली नृत्य में पारंपरिक वाद्य यंत्रों का उपयोग

प्रशिक्षण शिविर में डॉ. श्रावणी सिंह ने मछुआरा जनजाति द्वारा महाराष्ट्र में किये जाने वाले कोली लोक नृत्य सिखाया। उन्होंने नृत्य की जानकारी देते हुए बताया कि महाराष्ट्र को कोली लोक नृत्य कोली समुदाय द्वारा किया जाता है। यह नृत्य उनके त्योहारों और समारोहों के दौरान किये जाते है और इसमें रंगीन वेशभूषा, लयबद्ध चाल और पारंपरिक वाद्य यंत्रों का उपयोग किया जाता है। कोली नृत्य को महाराष्ट्र में कोली समुदाय की पहचान माना जाता है। इस नृत्य में पुरुष और महिला दोनों भाग लेते हैं। इस दौरान उपस्थित प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि भाषा के बिना व्यक्ति गूंगा है। जब हम किसी नई भाषा को सिखाते हैं उन्हें विचार व संस्कृति ही नहीं परंपरा और नए जीवन के साथ स्वयं को जोड़ते हैं। भाषा सिर्फ भाषा नहीं है संस्कृति और परंपरा का प्रवाह है। कार्यक्रम की संयोजन में रामाशीष चौहान, डॉ. अजय आर्य, डॉ राखी श्रीवास्तव, सतीश धीवर आदि की मुख्य भूमिका रही।



## सिटी स्पोर्ट्स

### जिला मास्टर्स टेबल टेनिस में शैलेष अरविंद और दिव्या बने विजेता




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में 25 मईको आयोजित रायपुर जिला मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025 आयोजित की गई। लीग पद्धति पर हुई इस प्रतियोगिता में पुरुष एकल (आयु वर्ग 40) में शैलेष डागा, पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) में पहली बार अरविंद कुमार शर्मा विजेता बने तथा महिला एकल (आयु वर्ग 40) में दिव्या आमदे विजेता रहीं। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कोरिया जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव पी एन मजूमदार ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी एवं मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे उपस्थित थे।

प्रतियोगिता को लीग पद्धति पर दो चरणों में आयोजित की गयी थी जिसमें प्रथम चरण में पुरुष एकल (आयु वर्ग 40) एवं पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) के दो ग्रुप में से प्रत्येक ग्रुप के प्रथम चार स्थान प्राप्त खिलाड़ियों ने दूसरे चरण के सुपर लीग में प्रवेश किया।प्रतियोगिता के सभी वर्गों के सुपर लीग के अंतिम परिणाम में पुरुष एकल (आयु वर्ग 40) में विजेता- शैलेश डागा, उपविजेता- मंदार कुलकर्णी 2-1 तृतीय- चिरंजीत राय रहे। इसमें तीनों खिलाड़ियों के मध्य टाई से स्थान निर्धारित हुआ। उपरोक्त तीनों खिलाड़ियों के अतिरिक्त नमित कोठारी, जतिन सोनी, विनय केजरीवाल, राकेश यादव और मो जावेद ने क्रमशः चौथा से आठवां स्थान प्राप्त किया। पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) में विजेता- अरविंद कुमार शर्मा, उपविजेता-पवन सादीजा 2-0 तृतीय- अजीत बेनर्जी रहे। उपरोक्त तीनों खिलाड़ियों के अतिरिक्त केबी सिंह, गिरिराज बागड़ी, संतोष वैद, सुरेश दुबे और किशोर जादवानी ने क्रमशः चौथा से आठवां स्थान प्राप्त किया। महिला एकल आयु वर्ग 40) में विजेता दिव्या आमदे, उपविजेता- प्रमिला ठाकुर 2-1 तृतीय- सुश्री ईरा पंत रहीं। उपरोक्त तीनों खिलाड़ियों के अतिरिक्त गीता पंडित, मनीषा वाईकर और अर्चना जोशी ने क्रमशः चौथा से छठवां स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे एवं सहायक मुख्य निर्णायक नागेश्वर साहू और पुलकित यदु थे।

### शतरंज तिहार में प्रदेश से जुटेंगे 200 खिलाड़ी, 30 मई से शुरू होंगे मुकाबले



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ी इनामी राशि वाली स्विस लीग शतरंज प्रतियोगिता 30 मई को सुबह 8.30 बजे विप्र महाविद्यालय (पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर) में शुरू होगी। आशीष शर्मा स्मृति राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा जिला शतरंज संघ द्वारा मितान ,ग्रीन आर्मी ब्राह्मण पारा एवं विप्र महाविद्यालय के सहयोग से आयोजित है। इस स्पर्धा में कुल 70300/- नगद प्राइज तथा 8 मोमेंटो एवं 60 ट्रॉफी तथा 150 मेडल को मिलाकर लगभग एक लाख पच्चीस हजार रुपये इनाम के रूप में दिए जाएंगे।

पिछले वर्ष इस स्पर्धा में कुल 179 प्रतिभागियो ने भाग लिया था तथा इस वर्ष लगभग 200 प्रतिभागियों के आने की संभावना है, जिसमे रायपुर के अलावा बस्तर, कवर्धा, कबीरधाम, महासमुंद, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, धमतरी, शक्ति, रायगढ़, बिलासपुर समेत छत्तीसगढ़ के सुदूर हिस्सो से खिलाड़ी भाग ले रहे है। मुख्य ओपन वर्ग एवं बालिका वर्ग के अलावा अंडर 7, 9, 11 और अंडर 13 वर्ग के प्रतियोगियों को प्रोत्साहन देने के लिए अलग से पुरुस्कार प्रदान किये जायेंगे। प्रतियोगिता 8 चक्रों में खेली जाएगी इस प्रतियोगिता के प्रतियोगिता निर्देशक जिला शतरंज संघ के सचिव नवीन शुक्ला एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आनंद अवधिया है।

मुख्य निर्णायक फिडे ऑर्बिटर एवं फिडे इंस्ट्रक्टर रोहित यादव है एवं डिप्टी चीफ ऑर्बिटर फिडे ऑर्बिटर रॉकी देवांगन है। सहायक निर्णायक के रूप में सीनियर नेशनल ऑर्बिटर श्रीमती हेमा नागेश्वर, अनूप झा ओमप्रकाश वन्दे एवं चंदन विश्वकर्मा होंगे। आयोजन समिति में आशुतोष शर्मा (अध्यक्ष मितान) मेघेश तिवारी (प्राचार्य विप्र महाविद्यालय), अमिताभ दुबे (संस्थापक ग्रीन आर्मी), नवीन शुक्ला(सचिव रायपुर जिला शतरंज संघ) एम चन्द्रशेखर, संदीप दीवान, गौरव दीवान, अजय पांडे, विवेक शर्मा, शिवांश शुक्ला, सुयश शर्मा, संजय परमार सदस्य शामिल है।

### अपनी लाइफ स्टाइल बदल कर ला सकते हैं चेहरे पर रौनक

# उम्र से पहले नजर आता बुढ़ापा बन जाता है परेशानी इन आदतों में छिपा है जवां दिखाई देने का सीक्रेट

30 की उम्र में ही आप 35-40 के दिख रहे हैं। यह परेशानी स्किन पर नजर आ रहे एजिंग के साइन्स छीन रहे हैं सेल्फ कॉन्फिडेंसतो परेशान मत हो और इन हेल्दी हैबिट्स को आजमाकर उम्र से जवां नजर आओ।

सही स्किन केयर और लाख कोशिशों के बाद भी तुम्हें तुम्हारी मुश्किल का हल नहीं मिल रहा है। लेकिन, इस दिक्कत का हल यहां मौजूद है और वो भी एक्सपर्ट से बातचीत के आधार पर।

जी हां, उम्र से ज्यादा दिखना काफी महिलाओं की दिक्कत होती है। कई बार समय से पहले ही कई कारणों से चेहरे पर एजिंग के साइन्स नजर आने लगते हैं और इसका सीधा असर महिलाओं के सेल्फ कॉन्फिडेंस पर होता है। आपको बता दें कि सही स्किन केयर के अलावा, डाइट और लाइफस्टाइल से जुड़ी कई आदतें भी एजिंग के लिए जिम्मेदार होती हैं। ऐसे में अगर आप 40 की उम्र में 30 की दिखना चाहती हैं, तो इन टिप्स को फॉलो करें। इस बारे में डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट नंदिनी जानकारी दे रही हैं।

सबसे पहले तो यह जान लो कि उम्र से जवां दिखने का सीक्रेट हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल में छिपा है। उम्र से जवां दिखने के लिए हाइड्रेशन बहुत जरूरी है। दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं। इससे एजिंग के साइन्स कम होते हैं और शरीर में जमा टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं।



स्ट्रेस से दूर रहें। स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल स्किन पर बुरा असर डालता है और इसकी वजह से स्किन अपनी चमक खोने लगती है। अनुलोम-विलोम और कपालभाति समेत कई प्राणायाम तनाव को कम कर सकते हैं।

एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर डाइट जैसे ब्लूबेरी, शकरकंद, टमाटर और एवाकाडो को डाइट में शामिल करें। इसके अलावा, हरी पत्तेदार सब्जियां, नट्स और सीड्स जरूर खाएं।डार्क चॉकलेट और ग्रीन टी भी एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होती है। ये स्किन को नुकसान से बचाती है और उम्र बढ़ने के प्रोसेस को धीमा कर सकती है।पूरी नींद लें। स्किन सेल्स को रिपेयर करने के लिए अच्छी नींद जरूरी है। नींद की कमी से डार्क सर्कल्स, थकी हुई त्वचा और उम्र बढ़ने के लक्षण जल्दी दिखने लगते हैं।अनार, गाजर, चुकंदर, टमाटर और आंवला के जूस को डाइट में जरूर शामिल करें। ये जूस एजिंग के प्रोसेस को धीमा कर सकते हैं।

हल्दी में एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। यह स्किन को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से त्वचा को बचाती है और एजिंग के लक्षणों को कम कर सकती है। एक्सरसाइज और योग जरूर करें। भुजंगासन और हलासन, स्किन को हेल्दी बनाने में मदद करते हैं।

अपनी स्किन टाइप और उम्र के हिसाब से स्किन केयर रूटीन को फॉलो करें। आप किसी एक्सपर्ट की सलाह भी ले सकती हैं।

अच्छा सोचें और खुद को पॉजिटिव रखने की कोशिश करें। याद रखें कि नेगेटिव विचार हेल्थ पर बुरा असर डाल सकते हैं।







## बीपी भी बार-बार हाई हो जाता है तो हो सकती हैं ये गंभीर दिक्कत

बीपी बार-बार बढ़ता है और दवाई खाकर आप इसे कंट्रोल कर लेती हैं, तो य़ह अच्छी बात नहीं है, अपनी लाइफस्टाइल को ऐसे करें, कि आपका बीपी न बढ़े, क्योंकि बार-बार बीपी बढ़ने से कई तरह की गंभीर बीमारी हो सकती है। जैसे हार्ट अटैक, क्रोनिक किडनी डिजीज

भागदौड़ भरी जिंदगी में बीपी की समस्या आम हो गई है। हाई बीपी एक छिपे हुए खतरे की तरह होता है। इसे अक्सर हम लोग तब तक नजरअंदाज करते हैं, जब तक कोई बड़ी घटना ना घट जाए। दरअसल हाई बीपी जरूरी नहीं है कि हमेशा वॉर्निंग साइन दे। ऐसे में अगर आपको हर कुछ दिनों पर हाई बीपी की शिकायत हो जाती है, तो इसे नजरअंदाज न करें। बीपी का बढ़ा हुआ नंबर कई बीमारियों की दस्तक हो सकती है। इससे पहले की कोई बीमारी आपको घेरे, आप अभी से ही अपनी लाइफस्टाइल पर ध्यान देना शुरू कर दें। आइए जानते हैं बार-बार हाई बीपी के कारण क्या क्या दिक्कतें हो सकती हैं। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ। प्रियंका सहरावत जानकारी दे रही हैं।

बीपी अगर बार-बार बढ़ता है, तो इसका सबसे ज्यादा असर हमारे दिमाग पर होता है। इससे स्ट्रोक आ सकता है। हाई बीपी हमारी धमनियों को सख्त और संकरा बना सकता है, जिसे एथेरोस्क्लेरोसिस कहते हैं, इस वजह से दिमाग की नसों में खून के थक्के बनने की संभावना बढ़ जाती है।



इससे दिमाग को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है। इससे ब्रेन हैमरेज भी हो सकता है। लगातार बीपी बढ़ने से दिमाग की कमजोर रक्त वाहिकाएं फट सकती है,जिससे दिमाग के अंदर ब्लीडिंग शुरू हो जाती है। हाई बीपी का असर दिल पर भी बुरी तरह से पड़ता है। हाई बीपी के कारण दिल को खून पहुंचाने वाली धमनियां सख्त और संकरी हो जाती है। जब ये धमनियां प्लाक और खून के थक्कों से बंद हो जाती है, तो हार्ट अटैक आ सकता है।

हमारी किडनी खून से गंदगी और पानी को छानने का काम करती है। इनमें छोटी छोटी रक्त वाहिकाएं होती हैं, जो यह काम करती है। हाई बीपी इन नाजुक रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे किडनी की खून को प्रभावी ढंग से फिल्टर करने की क्षमता कम हो जाती है। समय के साथ यह क्रोनिक किडनी डिजीज का कारण बन सकता है। हाँ, बीपी यानी रक्तचाप भी बार-बार हाई हो सकता है। यह कई कारणों से हो सकता है, जैसे कि तनाव, चिंता, खराब खानपान, या कुछ स्वास्थ्य समस्याएं। हालांकि, बीपी का बार-बार हाई होना चिंता का विषय है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। बीपी हाई होने के कुछ मुख्य कारणः

### तनाव और चिंता:

जब आप तनाव या चिंता में होते हैं, तो आपके शरीर में एड्रेलाइन नामक हार्मोन निकलता है जो रक्त वाहिकाओं को संकुचित कर देता है, जिससे बीपी बढ़ जाता है।

### खराब खानपान:

बहुत अधिक नमक, शराब या कैफीन का सेवन करना, या पर्याप्त शारीरिक गतिविधि न करना बीपी हाई होने का कारण बन सकता है।



### कुछ स्वास्थ्य समस्याएं:

कुछ दीर्घकालिक स्थितियाँ जैसे कि किडनी रोग, मधुमेह, और स्लीप एपनिया भी उच्च रक्तचाप का कारण बन सकती हैं।

## खस की जड़ को पानी में मिलाकर पीने से क्या होता है? एक्सटपर्ट से जानिए

खस की जड़ को इंग्लिश में वेटिवर जड़ कहते हैं। यह अपनी विशिष्ट सुगंध के लिए जानी जाती है और इसका इस्ते माल कई कामों को पूरा करने के लिए किया जाता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि औषधीय गुणों के कारण इस जड़ का इस्तेमाल आयुर्वेदिक चिकित्सा में भी किया जाता है।

### ज्यादा प्यास को करता है कम

खस की जड़ का पानी पीने से शरीर को ठंडक मिलती हे और प्याजस कम होती है। साथ ही, यह शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है।

### एसिडिटी और सूजन होती है कम

खस की जड़ का पानी डाइजेशन का टॉनिक माना जाता है, क्योंमकि, इसमें शीतल और कार्मिनेटिव गुण होते हैं। यह डाइजेस्टिव सिस्टीम को मजबूत करता है और भोजन को पचाने में मदद करता है, जिससे एसिडिटी कम होती है। इसके अलावा, इस जड़ में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण सूजन कम करते हैं।

### पित्त दोष को करता है दूर

खस की जड़ में मौजूद पित्त-शामक गुण शरीर में पित्त असंतुलन को कम करते हैं। इससे बना पानी रोजाना पीने से शरीर में एनर्जी का लेवल बना रहता है और डाइजेशन बेहतर होता है।

ब्लशड सर्कुलेशन में करता है सुधार

खस की जड़ का पानी ब्लेड सर्कुलेशन में सुधार करता है। इसमें मौजूद नेचुरल गुण ब्लसड वेसल्सा को फैलाने में मदद करते हैं। जब ब्ललड का फ्लो सही तरीके से होता है, तब शरीर के विभिन्न अंगों तक ऑक्सीजन और पोषक तत्व सही तरीके से पहुंचते हैं,



जिससे पूरे शरीर की कार्यक्षमता बढ़ती है।

### यूरिनरी ट्रैक्टस इंफेक्शन से राहत

खस की जड़ का पानी मूत्रवर्धक के रूप में काम करता है। इस पानी को पीने से यूटीआई के कारण पेशाब में होने वाली जलन और दर्द कम होता है। साथ ही,खस की जड़ में ऐसे गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया से लड़ने में मदद कर सकते हैं, जो यूरिनरी ट्रैक्टं इंफेक्शन का कारण हैं।

### एंटी-इमेटिक गुण

खस की जड़ में एंटी-इमेटिक गुण होते हैं, जो उल्टी और मतली के इलाज में मदद करते हैं। इस जड़ को आयुर्वेद में शीतल प्रदान करने वाली जड़ी-बूटी माना जाता है, जो पित्त को शांत करती है और उल्टी और मतली को कम करती है। इसके अलावा, खस की जड़ में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण भी होते हैं, जो शरीर को हानिकारक फ्री-रेडिकल्स से बचाकर उल्टी और मतली को दूर करते हैं।

## बर्तनों पर जमा हो गई है चिकनाई? इस सफेद पाउडर वाले हैक से करें साफ

आपके साथ भी कभी-कभी ऐसा होता है कि किसी बर्तन से चिकनाई का दाग वाश करने के बाद भी नहीं हटता है। अगर ऐसा है तो आज हम आपको एक ऐसा वायरल तरीका बताने जा रहे हैं। जिसकी मदद से बर्तनों की चिकनाई मिनटों में साफ हो सकती है। इसके लिए आपको पैसा भी खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



अगर आपके साथ भी इसी तरह की दिक्कत होती है तो आज हम आपके लिए एक सस्ता और आसान सोल्यूशन लेकर आए हैं। जिसकी मदद से आप बिना पानी के अपने बर्तनों की चिकनाई का सफाया कर सकती हैं। इसके लिए आपको ज्यादा पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ेगा और न ही इसको करने में मेहनत लगेगी। बर्तनों का चिकनापन साफ करने की यह ट्रिक सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हो रही है। आइए इस लेख में जान लेते हैं किस एक सफेद पाउडर की मदद से आप बिना किसी झंझट के बर्तनों से ऑयल को हटा सकती हैं।

### आवश्यक सामग्री

लोहे का स्क्रबर,टेलकम पाउडर,नींबू का रस,गर्म पानी

### साफ करने का तरीका

इसके लिए आपको सबसे पहले बर्तन को थोड़े गर्म पानी से साफ कर लेना है। अब आप इस बर्तन पर अपनी मेकअप किट में रखा टेलकम पाउडर छिड़कें। बर्तन पर जहां भी चिकनाई दिख रही है आप पाउडर को उस जगह पर अच्छी तरह लगा दें। करीब 5 मिनट तक इसे ऐसे ही लगा रहने देना है। अब आप हाथ की मदद से पाउडर को रगड़ते हुए हटाएं। फिर आपको लोहे वाला स्क्रबर में डिश वॉश और नींबू का रस लेकर उससे बर्तनों को साफ करना है।

### कार्नर न्यूज

### पाचनतंत्र मजबूत न हो तो आती है कई दिक्कतें

# ग्लूटेन इंटॉलरेंस भी बढ़ा रहा परेशानियां, इसमें रोटी खाने से भी करना पड़ सकता है परहेज

ग्लूटेन इंटॉलरेंस एक ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति को ग्लूटेन नामक प्रोटीन को पचाने में कठिनाई होती है। यह प्रोटीन मुख्यतः गेहूं, जौ और राई जैसे खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। डॉक्टर आपको रोटी या गेंहू वाली चीजें खाने से मना कर सकते हैं।अच्छी सेहत चाहते हैं तो खान-पान में सुधार करना बहुत जरूरी हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को आहार में पौष्टिक चीजें, साबुत अनाज, नट्स-सीड्स को भरपूर मात्रा में शामिल करना चाहिए।

भारतीय भोजन में चावल-रोटी, साबुत अनाज आम है, पर क्या आप जानते हैं कि कुछ लोगों को इस तरह के आम दैनिक चीजों के सेवन से भी दिक्कतें हो सकती हैं? विशेषतौर पर जिन खाद्य पदार्थों में ग्लूटेन की मात्रा होती है, उसका सेवन शरीर के लिए समस्या बढ़ाने वाली हो सकती है। इस स्थिति को मेडिकल की भाषा में ग्लूटेन इंटॉलरेंस कहा जाता है।

ग्लूटेन इंटॉलरेंस एक ऐसी स्वास्थ्य स्थिति है जिसमें व्यक्ति को ग्लूटेन नामक प्रोटीन को पचाने में कठिनाई होती है। यह प्रोटीन मुख्यतः गेहूं, जौ और राई जैसे खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। इसलिए ऐसे लोगों को रोटी-पराठा, ब्रेड, पास्ता, बिस्किट जैसी चीजें खाने से भी परहेज करना पड़ता है।



### ग्लूटेन इंटॉलरेंस और इसके मामले

आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि भारत में, अनुमानतः 6 से 8 मिलियन (60-80 लाख) लोगों को सीलिएक डिजीज है, जो ग्लूटेन इंटॉलरेंस का एक रूप है।

सीलिएक डिजीज एक ऑटोइम्यून बीमारी है, इसमें व्यक्ति का इम्यून सिस्टम ग्लूटेन को पचाने की कोशिश में खुद की आंतों को ही नुकसान पहुंचाने लगता है। ऐसे में अगर आप ग्लूटेन वाली चीजें खाते हैं तो इससे बार-बार डायरिया या कब्ज, पेट में सूजन-गैस बनने, पेट दर्द, थकावट और कमजोरी, त्वचा पर चकत्ते होने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। कुछ लोगों को बिना सीलिएक डिजीज के बिना भी ग्लूटेन वाली चीजों से एलर्जी हो सकती है।

### ग्लूटेन इंटॉलरेंस होता क्यों है?

ग्लूटेन इंटॉलरेंस, विशेष रूप से नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी, एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर ग्लूटेन के प्रति असामान्य प्रतिक्रिया करता है। ये क्यों होता है इसके सटीक कारणों को पूरी तरह से समझा नहीं जा सका है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें आनुवंशिकता, पर्यावरणीय कारक और गट माइक्रोबायोम सहित कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं।

कुछ शोध बताते हैं कि ग्लूटेन इंटॉलरेंस गेहूं और



अन्य ग्लूटेन युक्त अनाज में पाए जाने वाले कुछ कार्बोहाइड्रेट को पचाने में दिक्कतों के कारण भी हो सकती है। ये कार्बोहाइड्रेट आंत में किण्वित होने लगते हैं, जिससे सूजन, गैस और पेट दर्द जैसे लक्षण हो सकते हैं। कैसे जानें कहीं आप भी तो नहीं हो गए हैं शिकार?

कहीं आपको भी तो ग्लूटेन इंटॉलरेंस नहीं है, इसका पता लगाने के लिए कुछ लक्षणों पर ध्यान दिया जाना चाहिए।


सामान्य भोजन जैसे रोटी, गेंहू या जौ से बनी चीजें खाने के बाद यदि आपको पेट में दर्द, गैस, दस्त या कब्ज, सिरदर्द हो जाता है तो सावधान हो जाना चाहिए। कुछ लोगों को इन चीजों के सेवन के बाद त्वचा पर लाल चकत्ते भी हो सकते हैं। अगर अक्सर भोजन के बाद आपको भी ये दिक्कतें हो रही हैं तो डॉक्टर से संपर्क करके स्थिति का सही निदान जरूर करा लें।

सीलिएक डिजीज का पता लगाने के लिए सीरोलॉजिकल टेस्ट या फिर आंतों की स्थिति का पता लगाने के लिए कुछ टेस्ट के माध्यम से डॉक्टर निदान करते हैं कि आपको ये समस्या क्यों हो रही है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## परफॉर्मेंस के बीच जेनिफर लोपेज ने किया बैक डांसर्स को किस



अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड 2025 में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर हर कोई शॉक्ड रह गया। दरअसल, एक्टर-सिंगर जेनिफर लोपेज अवॉर्ड समारोह की ओपेनिंग सेरेमनी में परफॉर्मेंस दे रही थीं। तभी जेनिफर ने कुछ ऐसा किया कि वहां बैठे लोग हैरान रह गए। जेनिफर लोपेज ने अपन परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज पर ही अपने साथ डांस करने वाले तीन बैकस्टेज डांसर्स को किस कर लिया। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे।

जेनिफर ने अवार्ड शो की शुरुआत डांस मेडली से की जिसमें उनके कई बैकअप डांसर्स के साथ एक धमाकेदार किस-ऑफ भी शामिल था। 2025 एएमए की शुरुआत जेनिफर ने अपने 2012 के हिट डांस अगेन के धीमे संस्करण को गाकर की, जिसके बाद शो की झलक दिखाने वाला एक मोंटाज दिखाया गया। हालांकि, जिस बात ने सभी को सबसे ज्यादा हैरान कर दिया, वह था जेनिफर का हाई-पावर परफॉरमेंस के दौरान अपने पुरुष और महिला दोनों डांसर्स को किस करना। किस-ऑफ की शुरुआत टेडी स्विम्स के लूज कंट्रोल पर डांस करने से हुई।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल की 'थुडारम' ने बॉक्स ऑफिस पर तोड़े कई रिकॉर्ड, अब ओटीटी पर रिलीज



अभिनता मोहनलाल की थ्रिलर-एक्शन फिल्म 'थुडारम' सिनेमाघरों में 25 अप्रैल को रिलीज हुई थी और इसने मलयालम में रिकॉर्ड कमाई करके इतिहास रच दिया। अब हिंदी भाषी दर्शकों के लिए भी यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज की जा रही है। बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करने के बाद मलयालम फिल्म 'थुडारम' 30 मई को हिंदी दर्शकों के लिए ओटीटी पर रिलीज होगी। इस फिल्म को जियो हॉटस्टार पर आप देख सकेंगे। इसकी जानकारी खुद स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की है। इसे कुल पांच भाषाओं मलयालम, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और तेलुगु में रिलीज किया जाएगा।

मोहनलाल अभिनीत फिल्म 'थुडारम' की कहानी क्राइम-थ्रिलर प्लॉट पर आधारित है। इस फिल्म की कहानी एक टैक्सी ड्राइवर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे लोग प्यार से 'बेंज' कहते हैं। उसके एक पास एक गाड़ी रहती है, जिससे वह बहुत प्यार करता है। फिल्म में असली मोड़ तब आता है, जब उसकी गाड़ी एक पुलिस जांच में फंस जाती है और उसमें ड्रग्स मिलता है। इसके बाद वह ड्राइवर साधारण तरीके से किस तरह से इस केस को लड़ता है, यही कहानी का जान है।

'थुडारम' ने दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 231 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की, जिससे यह अब तक की तीसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली मलयालम फिल्म बन गई। मोहनलाल की इस फिल्म ने केवल मलयालम भाषा में ही 100 करोड़ से अधिक रुपये कमाए हैं। इस फिल्म को थारुन मूर्ति द्वारा निर्देशित किया गया है। वहीं इस फिल्म में मोहनलाल की पत्नी के रूप में अभिनेत्री शोभना नजर आईं हैं। इस फिल्म में मोहनलाल और शोभना के अलावा प्रकाश वर्मा, फरहान फासिल, मनियानपिला राजू, बीनू पप्पू, इरशाद अली, अर्शा चंदिनी बैजू, थॉमस मैथ्यू और कृष्णा प्रभा ने सहायक भूमिका निभाई हैं।

### भोजपुरी

## रानी ने की माधुरी बनने की कोशिश 'धक धक' पर नाच उठी झूम कर



रानी चटर्जी ने माधुरी दीक्षित बनने की कोशिश की और 'धक धक करने लगा' गाने पर डांस किया। रानी चटर्जी का डांस देख फैंस भी मुरीद हो गए, और बोले कि उनका गजब का डांस किया है। एक ने कहा कि डांस देखकर उसे फीवर आ गया। भोजपुरी फिल्मों की स्टार हीरोइन रानी चटर्जी के भले ही सैंकड़ों फैंस हैं, पर वह खुद माधुरी दीक्षित की फैन हैं। तभी तो रानी पर हाल ही माधुरी का 'फीवर' चढ़ा, और उन्होंने साड़ी पहनकर 'धक धक करने लगा' गाने पर जोरदार डांस किया। रानी चटर्जी ने गाने की एक-एक बीट पर ऐसे ठुमके मारे कि फैंस का दिल ही धड़कने लगा और वो रानी चटर्जी पर प्यार लुटाने लगे।

रानी चटर्जी ने डांस का यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जिस पर फैंस के साथ-साथ यूजर्स के भी काफी कमेंट्स आ रहे हैं। इस वीडियो में रानी चटर्जी साड़ी पहने हुए हैं, और आमों से लदे बाग में माधुरी दीक्षित के अंदाज में करती नजर आ रही हैं। खुली जुल्फों को लहराते हुए रानी मुखर्जी लाल चूड़ियों और बिंदी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

रानी चटर्जी के वीडियो पर एक फैन ने लिखा, 'वाह मैम, कमाल कर दिया। क्या डांस है और क्या साड़ी है। एक्सप्रेशन भी लाजवाब हैं।' एक का कमेंट है, 'बहुत खूबसूरत डांस।' एक और ने लिखा, 'एकदम जबर, आग लगा दी।' एक ने लिखा, 'ये रील देखकर मुझे फीवर आ गया है, अब हॉस्पिटल का बिल आप ही भरना।' रानी चटर्जी के करियर की बात करें, तो वह भोजपुरी सिनेमा की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में से एक हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह एक फिल्म के लिए 25-30 लाख रुपये फीस लेती हैं।




सूटिंग पिछले कुछ अरसे से फ्रांस के फैशन से बाहर हो गई है क्योंकि फ्रांस के कई हिस्सों में लोग घर से ही लाउंजवियर पहनकर काम कर रहे हैं, लेकिन इस मौसम में यह पुराना स्टाइल फिर से वापस आ गया है। एकदम सफ़ेद और आकर्षक एक्सेंट के साथ - कमर की टाई से लेकर कंट्रास्ट ब्लैक हार्डवेयर और बोल्ड शोल्डर तक, ये ऐसे पीस हैं जो आपके कम्यूट पर वापस लौटने की संभावना को और भी ज़्यादा आसान बना देंगे।

## घर पर काट रही हैं बाल तो इन बातों का ध्यान अवश्य रखें, वरना बिगड़ जाएगा पूरा लुक

बाल हमारे लुक को स्टाइलिश और खराब बनाने में काफी अहम किरदार निभाते हैं। यदि इन्हें सही तरह से स्टाइल नहीं किया गया तो हमारा लुक पूरी तरह से बिगड़ सकता है, वहीं सही कटिंग और हेयर स्टाइल आपको एकदम सिलेब जैसा दिखने में मदद कर सकती है।


वैसे तो ज्यादातर लोग बालों को सेट कराने के लिए सैलून जाना पसंद करते हैं, लेकिन आज भी बहुत से लोग घर में बाल काटना पसंद करते हैं। यदि आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जो पैसे और समय बचाने के लिए घर पर बाल काटते हैं, तो आपको कुछ बातों पर ध्यान देने की जरूरत है। यहां हम आपको इन्हीं बातों के के बारे में बताने जा रहे हैं, तकि आपका लुक भी एकदम परफेक्ट लगे और आप घर पर ही परफेक्ट तरह से बालों को काट सकें।

### सही होने चाहिए टूल्स

यदि आप घर पर बाल काट रहे हैं तो ध्यान रखें कि इसके टूल्स एकदम परफेक्ट होने चाहिए। खासतौर पर यदि बाल काटने वाली कैंची शार्प और फ्लैट ब्लेड वाली नहीं होगी, तो इससे बाल कटने में काफी परेशानी होगी। कभी भी साधारण रसोई वाली कैंची से तो बालों को गलती से भी न काटें।

### बालों को सुलझाना है जरूरी

बाल काटने से पहले उन्हें अच्छी तरह से सुलझा लें। यदि आप



बालों को सुलझाएंगे नहीं तो इससे बालों की सही शेप पता नहीं लगेगी और ये ऊपर-नीचे दिखेंगे। ऐसे में पहले अपने बालों को अच्छी तरह से सुलझाएं और उसके बाद ही इन्हें काटना शुरू करें।

### बालों को गीला करना है जरूरी

यदि घर पर बाल काट रहे हैं तो भी उन्हें हल्का गीला करें। ऐसा इसलिए क्योंकि सूख जाने के बाद बाल मुड़ने लगते हैं, जिस कारण इसका असली आकार देखने को नहीं मिलता। इसलिए बाल काटने से पहले उन्हें हल्का सा गीला कर लें, ताकि पहले तो ये सही से कट जाए और दूसरा आपको सही से पता लग पाए कि इन्हें किस आकार में काटना है।

## 70 के दशक का फैशन लौट रहा, फिल्म जगत से फैशन की दुनिया में है लोकप्रिय



रेट्रो फैशन अब एक बार फिर स्टाइल आइकन बनकर उभरा है। रेट्रो फैशन बॉलीवुड की ग्लैमरस गलियों में छा गया है। दीपिका, कंगना और प्रियंका जैसी अभिनेत्रियां इस बात का बेहतरीन उदाहरण हैं कि कैसे पुराना फैशन भी नए अंदाज में ट्रेंडी बन सकता है।



फैशन में सबसे दिलचस्प बात यह है कि ये समय के साथ घूमता है और पुराने दौर का स्टाइल फिर से ट्रेंड बन जाता है। 60 और 70 के दशक का रेट्रो लुक आज के दौर की कई बॉलीवुड अभिनेत्रियों के बीच बेहद लोकप्रिय हो गया है। चाहे वह हेडबैंड्स हों, पोल्का डॉट्स वाली ड्रेसेज हों या विंटेज आईलाइनर हो। रेट्रो फैशन अब एक बार फिर स्टाइल आइकन बनकर उभरा है। रेट्रो फैशन बॉलीवुड की ग्लैमरस गलियों में छा गया है। पुराने दौर की ये स्टाइल्स न केवल फैशन सेंस को नया रंग देती हैं, बल्कि आज की पीढ़ी को भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के स्वर्णिम युग से जोड़ती भी हैं। दीपिका, कंगना और प्रियंका जैसी अभिनेत्रियां इस बात का बेहतरीन उदाहरण हैं कि कैसे पुराना फैशन भी नए अंदाज में ट्रेंडी बन सकता है।

### रेट्रो लुक क्या है?

रेट्रो लुक उस दौर के फैशन को कहते हैं जो 1960s और 1970s के समय में ट्रेंड में था। इस दौर में फैशन में रंर बिरंगे कपड़े, बड़े सनग्लासेस, बेल-बॉटम्स, बफैंट हेयरस्टाइल और कैट आई मेकअप आम थे। इन फैशन एलिमेंट्स ने उस दौर की मुमताज, शर्मिला टैगोर, जीनत अमान, हेमा मालिनी जैसी अभिनेत्रियों को आइकॉनिक बना दिया था। आज की अभिनेत्रियों पर रेट्रो का असर सबसे ज्यादा है।

### दीपिका पादुकोण

फिल्म ओम शांति ओम में दीपिका ने मुमताज से प्रेरित रेट्रो लुक को इतने खूबसूरत अंदाज में पेश किया कि वो फैशन खुद एक ट्रेंड बन गया। हाई बन हेयरस्टाइल, कैट आई लाइनर और बॉटम फिटिंग साड़ी स्टाइल आज भी पार्टीज़ में छाया रहता है।

### कंगना रनौत

कंगना रेट्रो फैशन की क्वीन मानी जाती हैं। 70s के स्टाइलिश ब्लाउज़, बफैंट हेयरडू, बेल-बॉटम्स और विंटेज साड़ियों में उनका अंदाज क्लासिक ब्यूटी का उदाहरण है। वह अक्सर पब्लिक इवेंट्स में रेट्रो लुक को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ कैरी करती हैं।

## पसीने की बदबू करती है परेशान तो ट्राई करें ये आसान घरेलू उपाय, रहेंगे दिनभर फ्रेश

पसीने की बदबू को आप सिर्फ परफ्यूम के इस्तेमाल से कंट्रोल नहीं कर सकते। इससे आपको और परेशानी हो सकती है। ऐसे में यदि आप भी पसीने की बदबू से परेशान हैं तो हमारे बताए गए घरेलू नुस्खों को आजमाकर देख लें। इन नुस्खों को ट्राई करके आप पसीने की बदबू से राहत पा सकते हैं।

### नींबू आएगा काम

यदि आपके अंडर आर्म्स से पसीने की बदबू काफी ज्यादा आ रही है तो नींबू आपके काम आ सकता है। इसके लिए नींबू को काटकर उसे अंडर आर्म्स में रगड़ें। नहाने से दस मिनट पहले इस नुस्खे को आजमाएं, और फिर नहा लें। हो सकता है कि नींबू आपको सूट न करें, ऐसे में ध्यान रखें कि यदि इसके इस्तेमाल के बाद त्वचा पर जलन हो रही है, या फिर इरिटेशन हो रही है तो इसे तत्काल प्रभाव से धो लें। यदि ये आपको सूट कर रहा है तो नहाने से पहले हर रोज नींबू का इस्तेमाल करके पसीने की बदबू से राहत पाएं।

### एप्पल साइडर विनेगर



सेब का सिरका खाने में तो काम आता ही है, पर क्या आप जानते हैं कि आप इसका इस्तेमाल पसीने की बदबू को दूर करने के लिए भी कर सकते हैं। ये शरीर के पीएच लेवल को संतुलित करने में मदद करता है और बैक्टीरिया को बढ़ने से रोकता है। इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं तो रुई की मदद से इसे अंडरआर्म्स पर लगाएं। इसका इस्तेमाल भी नहाने से ठीक 15 मिनट पहले करें। 15 मिनट बाद नहाकर इसे साफ कर लें। ये बैक्टीरिया को जड़ से खत्म करता है, जिस कारण बदबू कंट्रोल में रहती है। आप पैच टेस्ट के बाद हर रोज इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

## गर्मी से बेजान हो गई है त्वचा तो अपनाएं कुछ नुस्खे, खिल उठेगी आपकी स्किन


कौन नहीं चाहता कि उसकी त्वचा खिली-खिली रहे। लेकिन गर्मी के मौसम में चेहरा अपने आप डल होने लगती है। दरअसल, गर्मी में तेज धूप और पसीने से त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में स्किन का सही तरीके से ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। डल स्किन को हटाने के लिए वैसे तो महंगी-महंगी क्रीमें बाजार में मिलती हैं, लेकिन कई बार ये असर नहीं दिखातीं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी स्किन की खोयी हुई रंगत फिर से वापस आ जाएगी।

### एलोवेरा जेल लगाएं

गर्मी से त्वचा बेजान हो रही है तो एक बार पैच टेस्ट करने के बाद दिन में कम से कम दो बार एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। एलोवेरा त्वचा को ठंडक देता है, हाइड्रेट करता है और डलनेस दूर करता है। इसलिए आप बिना सोचे इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### आलू का रस

यदि गर्मी से चेहरे पर काले धब्बे और टैनिंग हो



रही है तो उसके लिए आलू का रस आपकी मदद करेगा। इसके लिए आलू को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें और फिर उसे चेहरे पर अप्लाई करें।

### नींबू और शहद का फेसपैक

चेहरे की डलनेस को दूर करने के लिए इस पैक का इस्तेमाल किया जा सकता है। नींबू ब्लीचिंग का काम करता है और शहद त्वचा को मॉइस्चराइज करता है।

कार्नर न्यूज

### काले रंग के कपड़े गर्मी के मौसम में अलग तरह से करें स्टाइल

## गर्मी में डार्क रंग के कपड़ों से बढ़ जाता है शरीर का तापमान, ऐसे स्टाइल करें ब्लैक आउटफिट

शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा होगा, जिसे ब्लैक रंग न पसंद हो। ये एक ऐसा रंग है, जिसे कभी भी, किसी भी मौके पर पहना जा सकता है। ब्लैक रग का आउटफिट अपने आप में ही रॉयल लुक देने का काम करता है। लेकिन गर्मी के मौसम में ब्लैक आउटफिट पहनने में काफी परेशानी आती है।

दरअसल, गर्मी के मौसम में डार्क रंग पहनने से न सिर्फ और भी ज्यादा गर्मी लगती है, बल्कि घमौरियां होने की आंशंका भी काफी हद तक बढ़ जाती है। इसी कारण हम आपको गर्मी में ब्लैक आउटफिट को सही तरह से स्टाइल करने के टिप्स देंगे। इन टिप्स को फॉलो करके आप अपने लुक में बदलाव कर सकते हैं।

### फैब्रिक हो सही

अपने लिए ब्लैक आउटफिट खरीद रहे हैं, या उसे पहनने जा रहे हैं तो पहले ये देख लें कि इसका फैब्रिक गर्मी के मौसम के हिसाब से हो। गर्मी के मौसम मे आप कॉटन, लिनन या रेयॉन फैब्रिक के ब्लैक आउटफिट कैरी कर सकते हैं।



सिंथेटिक फैब्रिक से दूर रहें, इससे आपकी त्वचा पर इंफेक्शन का खतरा रहेगा।

### बॉडी फिटिंग से रहें दूर

गर्मी के मौसम में ज्यादा फिटिंग के कपड़े वैसे भी दिक्कत बढ़ा सकते हैं। खासतौर पर यदि इनका रंग ब्लैक होगा, तो ये आपको और परेशान कर देंगे। इसलिए इस मौसम में हमेशा ढीले ब्लैक आउटफिट ही पहनें, ताकि आपकी त्वचा पर किसी तरह की कोई परेशानी न होने पाए।

### लेयरिंग से रहें दूर

इस भीषण गर्मी में तो वैसे भी लेयरिंग से दूर



ही रहना चाहिए। पर, जब बात हो रही है ब्लैक आउटफिट की तब तो इस बात को गांठ बांध लें कि इसके साथ लेयरिंग तो भूल के भी न करें। इससे आपकी परेशानी कई गुना बढ़ जाएगी लेयरिंग सिर्फ सर्दी के मौसम में अच्छी रहती है।

### एक्सेसरीज हो हल्की

अपने ब्लैक आउटफिट लुक के साथ हल्की एक्सेसरीज का चयन करें। हैट, सनग्लासेस, हल्की ज्वेलरी या स्लिंग बैग के साथ अपने लुक को कंप्लीट करें। इसके साथ यदि आप ज्यादा हैवी एक्सेसरीज कैरी करेंगे तो इससे भी आप परेशानी में पड़ सकते हैं।

### मेकअप रखें लाइट

गर्मी के मौसम में वैसे भी ज्यादा हैवी मेकअप की जरूरत नहीं पड़ती है। खासतौर पर जब आप ब्लैक रंग का आउटफिट कैरी कर रही हैं, तब तो अपने मेकअप को एकदम ही मिनिमल रखें। थोड़ा सा भी ज्यादा मेकअप आपको गर्मी में परेशान कर देगा।